रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, रविवार 15 दिसंबर 2024, वर्ष 10, अंक 333 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद- भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आयोजित कार्यक्रम में साहेबगंज एवं पाकुड़ जिला को दी बड़ी सौगात, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण। मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु हमसभी को एक साथ चलना होगा।

यहां के आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपए की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान राशि को हमारी सरकार ने 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने का काम किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने साहेबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूँ। आप ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोग हो रहें लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। हमारी सरकार की गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।

**हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों के जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आपसभी के उम्मीद, आकांक्षा और को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नई गाथा लिखकर इस राज्य को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्य वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आए।

मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात.. इस अवसर






पर मुख्यमंत्री ने साहेबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। वहीं पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की रखी आधारशिला।

## दिल्ली के स्कूलों में 7 दिन में तीसरी बार धमकीः धमकी देने वाला स्कूल का ही बच्चा

**नई दिल्ली** यह विजुअल दिल्ली के आरकेपुरम स्थित DPS स्कूल का है। पुलिस की टीम जांच के लिए स्कूल परिसर पहुंची। दिल्ली के कई स्कूलों में 7 दिन में तीसरी बार बम की धमकी मिली है। DPS आरके पुरम में पुलिस की टीम जांच के लिए पहुंच गई है। धमकी वाला मेल सुबह 6 बजे आया था। दिल्ली के स्कूलों में धमकी से जुड़ा दो दिन में यह दूसरा मामला है।

हालांकि, आज धमकी वाले मामले में पुलिस ने एक बच्चे से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, छात्र ने अपने ही स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा था। IP एड्रेस का पता लगाने के बाद, पुलिस उसके घर पहुंची। जहां बच्चे ने धमकी देने वाली बात स्वीकार कर ली। फिलहाल बच्चे की काउंसलिंग की जा रही है। दिल्ली के 30 स्कूलों को शुक्रवार को भी धमकी मिली थी। स्कूलों में ईमेल भेजने वाले ने लिखा था कि 13-14 दिसंबर को पेरेंट्स मीटिंग और स्पोर्ट्स डे पर बम विस्फोट होंगे। जांच में पता चला था कि ईमेल देश के बाहर से आए थे। श्रीनिवासपुरी के कैम्ब्रिज स्कूल की प्रिंसिपल माधवी गोस्वामी ने कहा था कि सुबह 5:50 बजे धमकी भरा ई-मेल देखा तो



पुलिस, पेरेंट्स और स्कूल बस के ड्राइवर्स को खबर दी थी। केजरीवाल ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था को लेकर अमित शाह से जवाब मांगा। 13 दिसंबर को पश्चिम विहार के भटनागर इंटरनेशनल स्कूल में सुबह 4:21 बजे, श्री निवास पुरी के कैम्ब्रिज स्कूल में सुबह 6:23 बजे, DPS अमर कॉलोनी में सुबह 6:35 बजे, डिफेंस कॉलोनी के साउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल में सुबह 7:57 बजे, सफदरजंग के दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल में सुबह 8:02 बजे और रोहिणी के वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल में सुबह 8:30 बजे फोन आए थे। जिसके बाद जांच के लिए टीम पहुंची लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। 9 दिसंबरः 40 स्कूलों में बम की धमकी, मेल भेजकर मांगे 30 हजार डॉलर दिल्ली के 40 स्कूलों को 9 दिसंबर की सुबह ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इनमें मदर मैरी स्कूल, ब्रिटिश स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल शामिल थे। धमकी ई-मेल के जरिए दी गई। मेल भेजने वाले ने बम विस्फोट न करने के बदले 30 हजार अमेरिकी डॉलर मांगे थे। इसके बाद पुलिस, डॉग स्क्वॉड, सर्चिंग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीमें वहां भेजी गईं। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## राहुल बोले- द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांगाः वैसे सरकार युवाओं-किसानों का अंगूठा काट रही

**नई दिल्ली** लोकसभा में शनिवार को लगातार दूसरे दिन संविधान पर चर्चा चल रही है। आज शुरुआत संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु ने की। इसके बाद DMK सांसद ने कहा कि भाजपा हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इस पर विवाद हुआ। भाजपा ने कहा कि आप सबूत दीजिए। राहुल गांधी की स्पीच हुई। वे करीब 25 मिनट बोले। राहुल सावरकर पर बोले, एकलव्य-द्रोणाचार्य की कहानी सुनाई। भाजपा सरकार पर युवाओं का अंगूठा काटने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा- जैसे एकलव्य का अंगूठा काटकर द्रोणाचार्य ने उनका हुनर ले लिया था। उसी तरह भाजपा सरकार अग्निवीर से युवाओं का अंगूठा काट रही है। अडाणी को सारे कारोबार, इंडस्ट्री, पोर्ट, एयरपोर्ट देकर किसानों और युवाओं का गला काटा जा रहा है। राहुल के बयान पर युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- आप अंगूठा काटने की बात कर रहे हैं। आपकी सरकार में तो सिखों के गले काटे गए, आपको देश से माफी मांगनी चाहिए।

**प्रधानमंत्री मोदी की स्पीच शाम 5:30 बजे** संविधान पर सभी नेताओं की स्पीच के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में अपना जवाब देंगे। पीएम की स्पीच शाम 5:30



बजे होगी। **राहुल की स्पीच के 3 मुद्दे** 1. सावरकरः राहुल ने कहा, "सावरकर बोलते थे कि भारत के संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। वे मनु स्मृति की बात करते थे। क्या भाजपा अपने नेता के शब्दों के साथ है। वो संविधान की बात करती है तो सावरकर को ही शर्मिंदा करती है।" 2. उत्तर प्रदेश में मनु स्मृतिः राहुल बोले, "हाथरस में रेप पीड़िता का परिवार घर में बंद रहता है और अपराधी बाहर घूमते हैं। पीड़ित परिवार को धमकाते हैं। ये संविधान में नहीं लिखा है। ये मनु स्मृति में लिखा है। भाजपा की किताब में लिखा है। आपके राज में मनु स्मृति लागू हो रही है।"

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधित शिकायतो को लेकर 17 दिसंबर 2024 से लेकर 30 जनवरी 2025 तक विशेष कैंप

**रांची**। स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बिलिंग, मोबाइल नंबर टैगिंग और अन्य शिकायतों को लेकर डेढ़ माह तक लगातार विशेष कैंप लगाया जायेगा. रांची में 17 दिसंबर से 31 जनवरी तक लगातार विशेष कैंप लगेगा. यह जानकारी रांची के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने दी।उन्होंने बताया कि अवकाश के दिनों को छोड़ कर सभी कार्य दिवस में दिन के 11 बजे से तीन बजे तक सभी पावर सबस्टेशन और विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल में कैंप लगाया जायेगा. इसका आयोजन अशोक नगर सबस्टेशन, सैनिक मार्केट मेन रोड, हरमू सबस्टेशन, कुसई कॉलोनी डोरंडा, एचइसी व तुपुदाना सबस्टेशन, कोकर शिव मंदिर के समीप, बिजली कॉलोनी कोकर, आरएमसीएच सबस्टेशन, कांके सबस्टेशन, राजभवन सबस्टेशन,टाटीसिलवे, ओरमांझी सबस्टेशन और आइटीआइ सबस्टेशन में किया



जायेगा। व्हाट्सऐप पर मोबाइल नंबर अपडेट करायें,अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता पंजीकृत कराये जानेवाले मोबाइल नंबर से बिजली बिल का स्पष्ट फोटो या उपभोक्ता संख्या मोबाइल नंबर 9155029417 के व्हाट्सऐप पर भेजें. उनका मोबाइल नंबर अपडेट हो जायेगा।

## बर्थडे पर छात्रा को होटल ले गए, किया गैंगरेपःगुमला में 5 लड़कों ने लड़की को भी पिलाई शराब; सहेली को छोड़ा

**गुमला** झारखंड में गैंगरेप की घटना सामने आई है। पांच लड़के छात्रा को बर्थडे मनाने के नाम पर होटल ले गए। इसके बाद तीन लड़कों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इससे पहले पांचों लड़कों ने शराब पी और छात्रा को भी पिलाया। छात्रा के साथ उसकी एक सहेली थी, जो होटल के दूसरे कमरे थी। उसे आरोपियों ने कुछ नहीं किया। इधर, पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना 10 दिसंबर को गुमला के चैनपुर क्षेत्र में हुई। 15 वर्षीय छात्रा आदिवासी है और 9वीं क्लास में पढ़ती है। वो काफी डरी हुई थी इसलिए परिजनों को दो दिनों तक कुछ नहीं बताया। शुक्रवार की शाम जब परिजनों को लड़की ने घटना की जानकारी दी तो मामला पुलिस के पास पहुंचा। आरोपियों में एक नाबालिग है। पीड़िता ने बताया कि वो चैनपुर स्थित एक किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करती है। वो सभी लड़कों को पहले से पहचानती थी। पीड़िता ने बताया कि 10 दिसंबर को वो स्कूल में थी। आरोपियों में से एक स्कॉर्पियो लेकर स्कूल पहुंचा और लड़की को बाहर बुलाया। गाड़ी में पहले से आकाश कुजूर, अमन टोप्पो, आनंद और राहुल बाड़ा बैठे हुए थे। **बर्थडे मनाने के दौरान सभी ने पी शराब** पीड़िता ने बताया कि बर्थडे पार्टी मनाने की बात कह सभी उसे एक होटल में ले गए। लड़की के साथ उसकी एक सहेली भी थी। यहां बर्थडे मनाने के दौरान सभी ने शराब पी और छात्रा को भी पिला दी। इसके बाद आकाश कुजूर, अमन टोप्पो और राहुल बाड़ा ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

## झारखंड में 6 जिलों का पारा 10 डिग्री से नीचे







**रांची** झारखंड में ठंड अब लोगों को ठिठुरने पर मजबूर करने लगी है। सुबह और शाम तेज ठंड का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। गर्म कपड़ों से लिपटे रहने को लोग मजबूर हो गए हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में राज्य के 6 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। इसमें जमेशदपुर, डाल्टेनगंज, बोकारो थर्मल, चाईबासा, देवघर और हजारीबाग शामिल हैं। वहीं, रांची का न्यूनतमत तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। राज्य में सबसे ठंडा डाल्टेनगंज रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज में दर्ज किया गया।

**शीतलहर चलने की संभावना** वहीं, शनिवार को सुबह में हल्के कोहरे या धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग ने राज्य में बोकारो, धनबाद और रामगढ़ में कहीं-कहीं शीत लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। **गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी** झारखंड के तकरीबन हर जिले में इन दिनों गर्म कपड़ों की खरीदारी में तेजी आई है। कंबल और रजाई की बिक्री भी अच्छी-खासी हो रही है। सुबह में स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों की परेशानी बढ़ी इधर, सुबह में स्कूल जाने वाले बच्चों को ठंड से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व घर में उन्हें तैयार करने और घर से बस स्टॉप लाने में अभिभावकों को भी दिक्कत हो रही है। फिलहाल स्कूल के समय में परिवर्तन नहीं किया गया है।

## देशभर में लगे 20 लाख CCTV कैमरे, अकेले दिल्ली में 1.5 लाख, भारत में ही बनाने पर क्यों हो रहा फोकस?

**नई दिल्ली**ःसुरक्षा तकनीक में इन दिनों बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। भारत सरकार का दावा है कि इस कड़ी में देश भर के अंदर करीब 20 लाख सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इनमें से 80 फीसदी से ज़्यादा सीसीटीवी कैमरे चीनी कंपनियों के हैं। घरेलू प्रतिष्ठानों में इनकी मौजूदगी करीब 80 फीसदी तक है। मगर अब भारत में बने सीसीटीवी कैमरे पर अधिक फोकस किया जा रहा है। दिल्ली में करीब 1.5 लाख कैमरे लगाए गए हैं। **दिल्ली में प्रति मील 1826 सीसीटीवी कैमरे** यहां प्रति 1,000 लोगों पर 20 सीसीटीवी कैमरे हैं। दिल्ली में प्रति मील 1826 सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। दूसरी तरफ भारत सरकार ने चीनी सीसीटीवी कैमरों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई हुई है। सरकार ने चीनी सीसीटीवी उपकरणों के टेंडर अस्वीकार करना शुरू कर दिया है। यह जानकारी गुरुवार को प्रगति मैदान में आयोजित विश्वस्तरीय सुरक्षा और अग्निसुरक्षा उद्योगों के लिए प्रमुख आयोजन आईएफएसईसी इंडिया के 17वें संस्करण के उद्घाटन मौके पर इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के एमडी योगेश मुद्रास ने दी।

**भारत ग्लोबल इकॉनमिक पावरहाउस के रूप में उभर रहा** उन्होंने कहा कि आईएफएसईसी इंडिया 2024 भारतीय सुरक्षा सिस्टम में अहम विकास का प्रदर्शन है,जो सार्वजनिक सुरक्षा जागरुकता और आधुनिक साइबर सुरक्षा की जरूरतों पर फोकस कर रहा है। महानगरों में सुरक्षा के आधुनिक उपाय अपनाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टियर 2



और टियर 3 शहरों में भी मांग तेजी से बढ़ रही है। एआईओटी टेक्नोलॉजी का इंटीग्रेशन उद्योग जगत में बदलाव ला रहा है,आधुनिक सुरक्षा कैमरे और समाधान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हैं। भारत ग्लोबल इकॉनमिक पावरहाउस के रूप में उभर रहा है, ऐसे में आधुनिक सर्विलान्स समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है। 2024 में भारत का सीसीटीवी मार्केट 3.98 बिलियन डॉलर का है, जो 20.6 फीसदी की दर से बढ़कर 2029 तक 10.17 बिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच जाएगा।

## अपराध में नंबर वन पर... दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर केजरीवाल की अमित शाह को चिट्ठी

**नई दिल्ली**ः 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अमित शाह से मिलने का समय मांगा है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा किदिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन है। इसके बावजूद दिल्ली को अब अपराध की राजधानी के नाम से जाना जा रहा है। दिल्ली अपराध में नंबर 1-केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने बताया है की भारत के 19 मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध में नंबर वन पर है। हत्या के मामलों में दिल्ली नंबर वन पर है। दिल्ली में जबरन





वसूली वाले गैंग सक्रिय हैं और खुलेआम फिरौती का कारोबार चला रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपनी चिट्ठी में आगे लिखा है कि दिल्ली के हवाई अड्डों और स्कूलों को ईमेल और फोन कॉल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिल रहीं हैं। ड्रग्स से जुड़े अपराधों में 350 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हैं। **मैं पूरी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित** उन्होंने अपनी चिट्ठी में इस बात का भी जिक्र किया कि मैं पूरी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं। इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से दिल्ली में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर बनी हुई है। अरविंद केजरीवाल सहित आप नेता इस मसले पर भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार हमला बोलते दिखाई दे रहे हैं।

## द स्टड्स बार एंड ग्रिल रांची में लॉन्च



**रांचीः** सुजाता सिनेमा के पहले और द्वितीय तल्ले पर द स्टड्स बार एंड ग्रिल ग्रैंड लॉन्च को तैयार है। द स्टड्स बार एंड ग्रिल 21 दिसंबर 2024 से अपनी सेवा शुरू करेगा। इस बार को शहर के पहले प्रीमियम लाइफस्टाइल बार के रूप में देखा जा रहा है। यहां अमेरिकी ब्रॉडवे-स्टाइल मनोरंजन और ग्लोबल क्यूलिनरी का अद्भुत मेल मिलेगा। द स्टड्स बार एंड ग्रिल के को फाउंडर और निदेशक मीतेन शाह एवं अभिलाष मेनन ने प्रेस वार्ता में बताया कि सुजाता सिनेमा शहर का पुराना सिनेमा हॉल है। पुराने इस पुराने सिनेमा हॉल को बार में तब्दील कर इसे नया लुक दिया गया है। इस तरह का सिनेमा हॉल में बनने वाला अमेरिकन स्टाइल में बार पूरे भारत में पहला बार है। यहां आने वाले को एक नया अनुभव मिलेगा। द स्टड्स अवॉर्ड-विनिंग नेशनल बार ब्रांड है और भारत के 8 शहरों में मौजूद है। यह अपने हाई-एनर्जी और एंगेजिंग एंटरटेनमेंट के लिए जाना जाता है। यहां ब्रॉडवे-स्टाइल लाइव इवेंट्स, बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच और मनोरंजन का शानदार अनुभव मिलेगा। यहां के मेन्यू में ग्लोबल कंटेम्परेरी कुज़ीन को एक खास स्टड्स ट्विस्ट के साथ पेश किया गया है। इंटरनेशनल फ्लेवर और लोकल स्वाद का शानदार मेल आपको हर डिश में मिलेगा। इंटरनेशनल खाने को भी यहां परोसा जाएगा। कॉकटेल की भी कई वैरायटी उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा, कॉकटेल के शौकीनों के लिए यहां के कीवी मार्जरीटा और झारखंड के सबसे स्ट्रॉन्ग लॉन्ग आइलैंड आइस्ड टी को ज़रूर आजमाना चाहिए। यहां बच्चे, बड़े, यूथ बड़े ही आराम से भोजन के साथ कॉकटेल का आनंद ले सकते है। रांची में पार्टनर के रूप में अभिषेक मुखर्जी, अर्चिता श्रीवास्तव, तुषार कृष्णन है। उन्होंने बताया कि द स्टड्स बार एंड ग्रिल 21 दिसंबर 2024 से अपनी सेवा शुरू करेगा और यह केवल रिजर्वेशन-ओनली बेसिस पर काम करेगा। यहां 145 लोग एक साथ बैठ कर क्वालिटी समय बिता सकते है। सलेक्ट तरीके से लोगों को बुलाया जायेगा। जल्द ही जमशेदपुर और धनबाद में बार खोलने की योजना बना रहे है। यहां सख्त नो-अंडर एज ड्रिंकिंग पॉलिसी लागू है, ताकि हर गेस्ट का अनुभव सुरक्षित और आनंदमय रहे।

## मेदांता रांची अस्पताल ने 'मेदांता कनेक्ट एंड केयर प्रोग्राम' लॉन्च किया



**रांचीः** मेदांता रांची अस्पताल ने अपने नए पहल 'मेदांता कनेक्ट एंड केयर प्रोग्राम' का शुभारंभ किया है। इस नई पहल के तहत मेदांता अस्पताल ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जन-जन तक पहुंचने की कोशिश की है।

मेदांता अस्पताल ने स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कई संघों, समाजों और समुदायों के साथ साझेदारी करने और सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत अस्पताल ने स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे संगठनों के साथ जुड़ने का निर्णय लिया है।

इस पहल के हिस्से के रूप में, मेदांता ने समुदायों के लिए कई अतिरिक्त लाभ भी शामिल किए हैं, जिनमें आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस सहायता, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

विश्वजीत कुमार, निदेशक, मेदांता रांची अस्पताल ने इस संबंध में कहा, "'मेदांता कनेक्ट एंड केयर प्रोग्राम' के लॉन्च के साथ, हम प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ बनाने का प्रयास कर रहे हैं, विशेषकर आपातकालीन स्थितियों में। हम स्थानीय संगठनों और समुदायों के साथ मिलकर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर वर्ग के लोगों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे।"

मेदांता का यह कदम स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और हर वर्ग के लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## पालन पोषण देख-रेख अनुमोदन समिति (SFCSC) की बैठक आयोजित की गई



**रांची।** उपायुक्त रांची,मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कार्यालय कक्ष में प्रयोजन एवं पालन पोषण देख-रेख अनुमोदन समिति (SFCSC) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, कमिटी के सदस्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा देख-रेख संरक्षण योग्य बाल कल्याण समिति से अनुबंधित कुल-214 बच्चें बच्चियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। जो अनाथ, एकल परिवार, HIV ग्रसित पाए गए।

जिसमें मिशन वात्सल्य के तहत देख-रेख संरक्षण योग्य बच्चों को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य हेतु सहायता के जाने के प्रावधान के आलोक में वित्तीय वर्ष-2024-25 हेतु 214 बच्चे बच्चियों में से कुल 198 बच्चों का अनुमोदन किया गया। मार्गदर्शिका के तहत सभी अनिवार्य आवश्यक दस्तावेज पाया गया।

**मिशन वात्सल्य योजना का उद्देश्य क्या है**?बच्चों के लिए एक संवेदनशील, सहायक और समन्वित पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना, क्योंकि वे अपने विकास के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं। यह देश के सभी जिलों में बाल कल्याण और संरक्षण समितियों और वैधानिक और सेवा वितरण संरचनाओं के संस्थागत ढांचे को मजबूत करके किया जाना है।

## राज्यपाल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के दिवंगत भाई भीमसेन मुंडा जी के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए



**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जमशेदपुर जाकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के दिवंगत भाई भीमसेन मुंडा जी के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए। उन्होंने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल महोदय ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

# रांची जिला अन्तर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं- पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक





**रांची।** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में रांची जिला अन्तर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कि गई।

बैठक में उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहरी क्षेत्र, रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं को ससमय पूरा करें।

रांची जिला के महत्वपूर्ण परियोनाओं की समीक्षा बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची, के. के. राजहंस, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल रांची (शहरी) एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें - यथा सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के पहुंच पथ का निर्माण कटहल मोड़ से अरगोडा पथ का चौड़ीकरण। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ निर्माण, रांची रेलवे स्टेशन तक दूसरा पहुंच पथ निर्माण परियोजना, सिरम टोली चौक-राजेंद्र चौक मेकन गोलचक्कर पर 4 लेन फलाई ओवर, अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग पथ चौड़ीकरण मजबूतीकरण परियोजना, ईटकी सेंटोसियम से मोरो नारी चंनगनी पथ परियोजना, बारियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई लेम से बोड़ेया तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूती करण, एवं अन्य सभी परियोजना।

जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान कि प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान कि प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने के निर्देश

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने को कहा गया ।उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर में किसी तरह कि अड़चन को सम्बंधित पदाधिकारी तुरंत दूर करें। जिन रैयतों का भुगतान किसी कारण से नही हुआ है, उनका भुगतान तुरंत करें। ताकि रांची शहर को जाम मुक्त किया जा सकें। शहर में चल रही सारी परियोजना काफ़ी महत्वपूर्ण है।

## विधानसभा अध्यक्ष के पिता स्व0 गोलक बिहारी महतो को दी भावभीनी श्रद्धांजलि







मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन आज झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के जामताड़ा जिला के नाला स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के दिवंगत पिता स्व० गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्व० गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो एवं उनके अन्य परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

## JSSC-CGL परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग (CID) को सौंपना सराहनीय कदम



विजय शंकर नायक उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा JSSC-CGL परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग (CID) को सौंपे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही । इनहोने यह भी कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का सराहनीय कदम है जिसका मंच स्वागत करता है और आशा व्यक्त करता है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग मुख्य मंत्री के निर्देशो का पालन सख्ती ढंग से करेगा और शिकायतों को गंभीरता से लेकर हर पहलु और हरेक बिन्दु पर इसकी जांच करेगी ।

विजय नायक ने आगे कहा कि जब तक जांच पुरी नही होती तब तक JSSC-CGL परीक्षा के परिणामो को स्थगित किया जाए और नियुक्ति की दिशा मे कोई कार्रवाई नही किया जाए । इन्होने आगे यह भी कहा कि जांच की समयसीमा भी तय हो और जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट देने की अनिवार्यता हो ताकि बेरोजगार अभ्यर्थियों का समय बेकार ना हो और JSSC-CGL परीक्षा प्रकरण का पटाक्षेप हो कर सबको न्याय मिल सके ।

विजय नायक ने यह भी कहा कि पेपर लिक होने की घटना को रोकने की दिशा मे झारखंड सरकार एक मजबुर रणनीति बना कर उस पर कार्य करे ताकि झारखंड मे बराबर लग रहे पेपर लिक कलंक को धोया जा सके और युवाओ को भयमुक्त होकर परीक्षा दे मेघा का शोषण ना हो गरीब से गरीब मेधावी अभ्यर्थी छात्र निष्कलंक परीक्षा देकर पास हो सके और विवादारहित परीक्षा का संचालन हो सके ।

## एन.एस.यू.आई प्रतिनिधिमंडल ने रांची विवि के कुलपति से विभिन्न मामलों को लेकर मुलाकात किया एव ज्ञापन सौंपा



**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई के प्रदेश अध्यक्ष बिनय उराँव के नेतृत्व में एन.एस.यू.आई प्रतिनिधिमंडल में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से विभिन्न मामलों को लेकर मुलाकात किया एवं ज्ञापन सौंपा। डोरंडा कॉलेज में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर मोहमद इब्राहिम के द्वारा की गई मारपीट मामले में करवाई करने। विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को खोलने एव छात्र संध चुनाव जल्द कराने को लेकर बैठक की गई। मौके पर कुलपति जी मे डोरंडा कॉलेज मामले में 3 सदस्य की कमिटी बनाने एवम 2 दिनों के अंदर जांच कराने का आदेश दिया। मुख्य गेट भी जल्द खोलने की बात कही गयी एव बहुत जल्द छात्र संध चुनाव कराने का अस्वाशन दिया। मौके पर मुख्य रूप से एन.एस.यू.आई की राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना, प्रदेश अध्यक्ष बिनय ओरांव, प्रदेश सचिव अंकिता शिखर, अब्दुल राबनवाज, प्रणव सिंह, अरुण दास, गंगन्दीप, बिस्वजीत, अमन, आकाश मौजूद थे।









साहेबगंज।सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क भोगनाडीह, बरहेट, साहिबगंज में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव एवं वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन।

## प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधकों के साथ बैठक



**रांची।** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार आज दिनांक 14.12.2024 को जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची प्रदीप भगत द्वारा आपूर्ति संबंधी बैठक की गयी। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, आकस्मिक खाद्यान्न कोष, जन शिकायत, मोबाईल सिडिंग, ई-केवाईसी, चना दाल, नमक, किरोसिन, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, ईआरसीएमएस एवं पीजीएमएस पोर्टल पर लंबित आवेदन, चीनी का उठाव एवं वितरण, आवंटित खाद्यान्न की आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची द्वारा सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/सहायक गोदाम प्रबंधकों को जिस प्रखण्ड का आपूर्ति संबंधी कार्य प्रगति प्रतिवेदन जिला के औसत से कम है, उन्हें कार्यशैली में सुधार करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने बुण्डू, अनगड़ा, नामकोम प्रखण्ड की चिंताजनक प्रगति प्रतिवेदन पर सख्त चेतावनी के साथ कार्यशैली एवं वितरण व्यवस्था में सुधार करने का निदेश दिया।

प्रदीप भगत ने कहा कि सहायक गोदाम प्रबंधकों को आवंटित खाद्यान्न का ससमय उठाव कर उसी समय डोर स्टेप डिलिवरी के माध्यम से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों तक खाद्यान्न उपलब्ध करायें, ताकि ससमय लाभुकों को आवंटित खाद्यान्न उपलब्ध करायी जा सके।

## खेल घोटाला मामले में बढ़ी बंधु तिर्की की मुश्किलें, आगे बढ़ेगी जांच



कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की मुश्किलें एक बार फइर बढ़ने वाली है। बंधु तिर्की को सीबीआई कोर्ट ने समन जारी कर 15 जनवरी को बुलाया है। दरअसल 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले में तत्कालीन खेल मंत्री बंधु तिर्की, आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष आरके आनंद और कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक समेत 15 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है।

सीबीआई ने जांच पूरी कर मार्च में 28 करोड़ 38 लाख की अनियमितता में बिना अभियोजन स्वीकृति के चार्जशीट दाखिल की थी, जिस कारण कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान नहीं ले सका था। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने चार्जशीट दाखिल होने के नौ महीने बाद संज्ञान लिया है। अदालत ने निगरानी से जुड़े सभी मामलों को इसमें शामिल कर लिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। इनकी उपस्थिति की तारीख 15 जनवरी तय की है।

## युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मिला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से युवा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल रोहित सिन्हा के नेतृत्व में मिलकर उन्हें नई सरकार के लिए शुभकामनाएं दी।

युवा कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि झारखंड के युवाओं को रोजगार और बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराए। जिससे कि राज्य के युवाओं को अन्य प्रदेशों में नहीं जाना पड़े। इसके साथ ही युवाओं को राज्य में शिक्षा ग्रहण करने में खर्च भी कम आएगा। नेताओं ने सभी क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे जनहित व विकास के कार्यों की सराहना की। रोहित ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच का ही परिणाम है कि आज लाखों महिलाओं को मईया योजना का लाभ मिल रहा है। जिससे महिलाओं में मुख्यमंत्री और सरकार के प्रति उत्साह है। प्रतिनिधिमंडल में रोहित सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, कुलदीप कुमार रवि, गौरव सिंह और नूर मोहम्मद सहित अन्य शामिल थे।

## उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री कि अध्यक्षता में बैठक



**रांची।** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय ब्लॉक ए कॉन्फ्रेंस कक्ष में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM/ MPLADS) DMFT/Untied Fund अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची, दिनेश कुमार यादव, परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी सह सहायक समाहर्ता, रांची, आदित्य पांडेय, सिविल सर्जन सदर रांची, डॉ. प्रभात कुमार, निदेशक, डी०आर०डी०ए०, रांची, सुदर्शन मुर्मू, जिला योजना पदाधिकारी, रांची, संजीव कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, रांची, राम शंकर सिंह, जिला अभियंता, जिला परिषद रांची, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची , कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-1, रांची, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पश्चिमी, रांची, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, रांची एवं DMFT PMU के सदस्य उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन PM-ABHIM/BPHC/IPHL/MPLADS की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा बताया गया कि PM-ABHIM के तहत् स्वीकृत कुल 78 योजनाओं में से जिला अभियंता, जिला परिषद, रांची को 33 स्वीकृत योजनाओं में 14 पूर्ण एवं 19 का कार्य प्रगति पर है। कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-1, रांची को 39 स्वीकृत योजनाओं में से 6 पूर्ण 26 योजनाओं का कार्य प्रगति पर एवं 07 योजनाओं में भूमि अनुपलब्धता के कारण लंबित है। कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-2, रांची को 6 स्वीकृत योजना में से 03 पूर्ण एवं 03 का कार्य प्रगति पर है।

BPHC के तहत् वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के लिए स्वीकृत कुल 10 योजनाओं में से वित्तीय वर्ष 2022-23 की 01 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्वीकृत 04 BPHC की स्वीकृति हेतु निर्देश दिया गया। IPHL के तहत् वित्तीय वर्ष 2021-22 में 01 योजना की स्वीकृति दी गई है।

प्रखंड / पंचायत के मुखिया, अंचलाधिकारी एवं MOIC से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा के द्वारा निर्देश देते हुए PM-ABHIM/BPHC/IPHL/MPLADS के तहत् लंबित योजनाओं का कार्य प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करने तथा भुमि की अनुलब्धता के कारण जो योजना लंबित है उसे संबंधित प्रखंड / पंचायत के मुखिया, अंचलाधिकारी एवं MOIC से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

योजनाओं को प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण कराने निर्देश

DMFT की समीक्षा के क्रम उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22, 2023-24 एवं 2024-25 की सभी लंबित योजनाओं को प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण कराने निर्देश सभी कार्यकारी एजेंसी को दिया गया।

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा Untied Fund की समीक्षा के क्रम में जिला योजना पदाधिकारी, रांची से जानकारी लिया जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला योजना कार्यकारिणी समिति से पारित विभिन्न प्रक्षेत्र की 155 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करते हुए विभिन्न कार्यकारी एजेंसी को कार्यान्वयन हेतु आदेश दिया गया है।

जिला अनाबद्ध निधि के तहत् स्वीकृत योजनाओं का एकरारनामा पूर्ण हो गया है, उसे अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया गया कि जिला अनाबद्ध निधि के तहत् स्वीकृत योजनाओं का एकरारनामा पूर्ण हो गया है, उसे अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे तथा जिन योजनाओं का एकरारनामा लंबित है उसे रद्द करने का निर्देश दिया गया।

जानकारी हो कि उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री जिला में चल रही हर योजना परियोजना को पूरा कराने को लेकर काफ़ी गंभीर है। उन्होंने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को स्पष्ट रूप से कहा है, कि रांची जिला में सभी योजना परियोजनाओं को जमीनी स्तर पर पूरा कराना उनकी प्राथमिकता है।

## भारत के संघीय ढांचे और संविधान की बुनियादी संरचना पर सीधा हमला है




झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य (Supriyo Bhattacharya) ने कहा कि One Nation One Election की केंद्र सरकार की अवधारणा संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है।झारखंड झारखंड टूर पैकेज भारत के संघीय ढांचे और संविधान की बुनियादी संरचना पर सीधा हमला है। इस योजना से भारत गणराज्य की लोकतांत्रिक परिकल्पना खतरे में पड़ जाएगी।
JMM प्रवक्ता ने इसे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा की हत्या करार दिया।
सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार, कोई भी संशोधन संविधान की मूलभूत संरचना को प्रभावित नहीं कर सकता।
इस योजना के लागू होने से संविधान के अनुच्छेद 333, जो न्यूनतम विधानसभा और कैबिनेट की संरचना तय करता है का उल्लंघन होगा।
राज्यों की स्वायत्तता और संघीय ढांचे पर "वन नेशन, वन इलेक्शन" से आघात पहुंचेगा। यह योजना क्षेत्रीय दलों को खत्म करने और केंद्र सरकार की सत्ता को मजबूत करने की साजिश है।
उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम RSS की विचारधारा को थोपने का प्रयास है, जो 2025 में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने की तैयारी कर रहा है।

## भंते जैनेंद्र तथागत झारखंड से निर्विरोध बिस्कोमान के प्रतिनिधि चुने जाने पर भाकपा ने बधाई




**रांची** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यालय में भंते जैनेंद्र कुमार तथागत को झारखंड से बिस्कोमान के प्रतिनिधि चुने जाने पर कार्यालय में गर्म जोशी से स्वागत किया बुके देकर स्वागत और बधाई दिया ।पार्टी के नेताओं ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि झारखंड से बिस्कोमान के प्रतिनिधि भंते जी के द्वारा किसानों , दबे कुचले और अन्य मजदूरों और झारखंड के आम आवाम को काफी लाभ मिलेगा भंते जैनेंद्र जी दबे वंचितों की सेवा के लिए है राज्य कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे जिला सचिव अजय कुमार सिंह ललन मिश्रा विष्णु कुमार रवि कुमार पाठक सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे



रांची दिनांक-15.12.24 को श्री सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ आयोग कार्यालय एवं अन्य स्थानों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु की जा रही बैरिकेडिंग को निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया ताकि विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो।

## दुर्घटना में वृद्धि को राकने के दृष्टिकोण से जिला परिवहन पदाधिकारी निदेश जारी किए

**बोकारो** : जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में सडक दुर्घटनाओं में वृद्धि के विश्लेषण से पाया गया कि तीन पहिया वाहन या चार पहिया वाहन जिसमें चालक तरफ से चढ़ना उत्तरना भी एक मुख्य कारण है। सडक दुर्घटना में वृद्धि को राकने के दृष्टिकोण से जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर ने निम्नांकित निदेश दिये हैं :-
1. तीन पहिया या चार पहिया वाहन जिसमें चालक तरफ (दाहिनें तरफ) खुला है. उसमे रड या जाली लगाकर कभर करें ताकि दाहिने तरफ से कोई भी सवारी चढे उतरे नहीं।
2. सभी व्सायिक वाहन स्वामी अपने-अपने वाहन में अन्दर भाग में वाहन संख्या, अपना मो० न० एवं पत्ता अंकित कर ऐसे जगह प्रदर्शित करेगें जहाँ सवारी को स्पष्ट दिखयी दे।
3. वाहन चालक अनुपयुक्त तरीके से या लंबी अवधि के लिए या अच्छी तरह से प्रकाशित सड़कों पर उच्च बीम का उपयोग नहीं करेगा।
4. वाहन चालक आनेवाले वाहन के निकट पहुंचने पर या जब किसी यान के पीछे बहुत निकट वाहन बलाते समय उच्च बीम को नीचे कर देगा।
5. चालक को हरे/फॉग लाइट केवल तब जलाएगा जब कोहरे, धूल, तूफान, बारिश या बर्फ गिरने के कारण दृष्यता बहुत ज्यादा प्रभावित होती है और वह भी केवल हैंड लैप को नीचे गिरा कर।
4. वाहनों में रिफलेक्टिव टेप (परावर्तक पट्टी) लगाना अनिवार्य है।
सभी वाहनों के परिचालन हेतु पथकर, दुरस्ती प्रमाण पत्र, प्रदुषण प्रमाण पत्र, परमिट एवं बीमा पत्र अद्यतन होना अनिवार्य -
जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने सभी वाहनों के परिचालन हेतु पथकर, दुरस्ती प्रमाण पत्र, प्रदुषण प्रमाण पत्र, परमिट एवं बीमा पत्र अद्यतन होना अनिवार्य है। अद्यतन न होने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत धारा के तहत् दण्डात्मक कार्यवाई करने का निर्देश दिया।
सड़क पर वाहन बुलाते समय सड़क सुरक्षा संबंधित मानकों का अवश्य अनुपालन करें-
जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना सेजवलकर ने सभी वाहन स्वामियों से अपील किया है कि अपने-अपने वाहन के सभी दस्तावेजों को अद्यतन करा लें एवं दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट (पीछे बैठने वाले व्यक्ति सहित) एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सिट बेल्ट का उपयोग निश्चित रुप से करना सुनिश्चित करें। सड़क पर वाहन बुलाते समय सड़क सुरक्षा संबंधित मानकों का अवश्य अनुपालन करें।



लातेहार : हेरहंज थाना क्षेत्र के ग्राम खैराटांड़ में करीब दो एकड़ भूमि पर लगे अफीम फसल जिसकी लंबाई 15 सेंटीमीटर की खेती को विनिष्ट किया गया।

# धान अपने नजदिकी पैक्स में ही जाकर इसका विक्रय करें- जिला सहकारिता पदाधिकारी, बोकारो..






, **बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार आज दिनांक 14 दिसंबर, 2024 को जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया की अध्यक्षता में जिले के सभी बी०टी०एम / ए०टी०एम/कृषक मित्र / प्रगतिशील किसान के साथ धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक जिला कृषि कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। *मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो मो० शाहिद भी उपस्थित थे।
बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों को सूचित किया गया कि दिनांक- 15.12.2024 से जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो रहा है। सभी को निदेश दिया गया कि सभी कृषक जो अपना धान बेचना चाहते है, उन्हें जागरूक करें कि वे अपना धान अपने नजदिकी पैक्स में ही जाकर इसका विक्रय करें। किसी भी परिस्थिति में बिचौलिया अथवा कम मूल्य पर राज्य के बाहर से आने वाले व्यापारी को कम दाम पर इसका विक्रय नहीं करें। सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 2400 रू० की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है, जिस दर पर धान की खरीद की जाएगी।
फार्मभरवाकरप्रखण्डविकासपदाधिकारीकेमाध्यम से संबंधित अंचल कार्यालय में इसे जमा करेंगे-
बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी श्रीमति श्वेता गुड़िया ने सभी कर्मियों को ई-उर्पाजन पर निबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई एवं निबंधन फार्म उपलब्ध कराते हुए निदेश दिया गया कि किसानों से यह फार्म भरवाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित अंचल कार्यालय में इसे जमा करेंगे। जहाँ से सत्यापन के पश्चात् जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा इसकी इन्ट्री ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाएगा।
जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो सह-परियोजना निदेशक आत्मा मो० शाहिद ने आश्वस्त किया कि कृषि विभाग के सभी कर्मी धान अधिप्राप्ति योजना को सफल करने में अपना पुरा योगदान देंगे।
*बैठक के दौरान श
राणा रमेश कुमार सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चास एवं कसमार, कृषि विभाग के कर्मी मोतीलाल रजक एवं जिले के सभी बी०टी०एम/ए०टी०एम/कृषक मित्र/प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।*


# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिले में 13 बेंचो का किया गठन





बोकारो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के कार्यकारी अध्यक्ष झालसा के द्वारा *आभासी (Virtual) रूप से उद्घाटन किया गया। मौके पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक-सह- सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो, मनोज स्वर्गियारी, प्रधान न्यायाधीश, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय अरविंद कुमार न01, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम बोकारो पवन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय बोकारो श्री दीपक वरनवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय बोकारो श्री देवेश कुमार त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ बोकारो श्रीमति गरिमा मिश्रा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बोकारो श्रीमति लुसी सोसेन तिग्गा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो श्री अनुज कुमार, निदेशक डीपीएलआर मेनका, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद शफीक अहमद एंव अधिवक्तागण, सरकारी विभागों, बैंक एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण कर्मचारीगण, मीडिया कर्मीगण, पी०एल०वी० गण, एवं बड़ी संख्या में मुकदमों के पक्षकार, लाभुक उपस्थित रहें।
राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिले में 13 बेंचो का किया गठन-
राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिग चेक बाउंस, बिजली, पारिवारिकि, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग, मोटरयान के अलावा सभी आपराधिक सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर उसके निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय बोकारो में नौ (09) एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में चार (04) बेंचो का गठन किया गया।
वादों का निष्पादन में कुल समझौता राशि-840076427/- (चौरासी करोड छिहत्तर हजार चार सौ सत्ताइस रूपये) प्राप्त हुई-
इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-405990 वादों को निष्पादन हेतु रखा गया जिसमें से कुल-405990 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि-840076427/- (चौरासी करोड छिहत्तर हजार चार सौ सत्ताइस रूपये) हुई।
*उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव अनुज कुमार ने दिया।





**खूँटी:** आज दिनांक-14. 12. 24 को खूंटी थानान्तर्गत ग्राम सिम्बुकेल में 1 एकड़,अड़की थानान्तर्गत ग्राम शर्माली में 02 एकड़,मरांगहदा थानान्तर्गत चन्डोर में1.5 एकड़,सायको थानान्तर्गत सलगा में 02 एकड़ एवं मुरहू थानान्तर्गत ग्राम मलियादा में 02 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया । मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम मलियादा में अवैध अफीम की खेती के विरूद्ध जगरूकता अभियान चलाया गया ।




खूँटीः तोरपा थाना क्षेत्र के महिला समिति सदस्यों के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिला (गुदडी थाना) के नक्सल/उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अपराधियों एवं उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने तथा उग्रवादी/अपराधी/नक्सली की जानकारी होने / पकड़े जाने पर थाना या वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने एवं अवैध अफीम की खेती नहीं करने,डायन बिसाही,मानव तस्करी,सड़क सुरक्षा आदि के बारे में जागरूक किया गया ।

## त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार आपके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी- डीटीओ

बोकारो । जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने पत्र के माध्यम से जिले के सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को सूचित किया है कि जिला अन्तर्गत अधिष्ठापित पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति का नवीकरण आगामी दिनांक 31 दिसंबर, 2024 तक अगले एक वर्ष के लिये नियमानुसार करने का निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु अपने प्रतिष्ठान में संचालित वाहन प्रदूषण केन्द का संचालन एवं अद्यतन होना अनिवार्य है।
जाँच के कम में त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार आपके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी-



जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना सेजवलकर ने जिला अन्तर्गत संचालित सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक दस्तावेजो के साथ निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति नवीकरण करा लें. अन्यथा जाँच के कम में त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार आपके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।



लातेहार : बरियातू थाना क्षेत्र के ग्राम गाडीगांव मे करीब तीन एकड़ भूमि पर लगे अवैध गांजा की खेती को विनिष्ट किया गया।

## मादक पदार्थ बरामदगी एवं दो आरोपियों की गिरफ्तारी



**पलामू**। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन के सामने दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री करने आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार श्री राजीव रंजन, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) पलामू के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया।
टीम के रेलवे स्टेशन पहुंचने पर संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस बल द्वारा त्वरित घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम आशिष कुमार शर्मा (पिताः बिरबल शर्मा, निवासीः कुन्दा, थाना कुन्दा, जिला चतरा) और टिकेश्वर महतो (पिताः ललकु महतो, निवासीः पोकला, थाना टंडवा, जिला चतरा) बताया।
दोनों की तलाशी के दौरान आशिष कुमार शर्मा के जैकेट से काले रंग की प्लास्टिक में पैक मादक पदार्थ (गांजा) तथा टिकेश्वर महतो के जैकेट से भी गांजा बरामद हुआ। कुल बरामदगी का वजन 1.966 किलोग्राम रहा। इसके अतिरिक्त आशिष कुमार शर्मा के पास से एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।
प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें नौडीहा बेहरा, थाना पिपराटांड़, जिला पलामू के मंटू शर्मा द्वारा गांजा सौंपा गया था, जिसे रेलवे स्टेशन के पास सुशील नामक व्यक्ति को देना था। इसके बदले उन्हें 1000/- देने की बात हुई थी।

## गांव आरहँगा में अफीम की खेती नहीं करने, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा, नशा मुक्ति तथा अन्य कई मुद्दों पर जन जागरूकता अभियान



रांची- सुमित कुमार अग्रवाल, (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, रांची के नेतृत्व में तमाड़ थाना अंतर्गत आरहँगा पंचयात के बेलबेड्डा मुकरूमडीह, पियाकूली, एवं आरहँगा गाँव में मुखिया , ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। बैठक में अफीम- पोस्ता, गांजा इत्यादि मादक पदार्थो कि खेती नही करने, उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी करवाई के बारे, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी/ बाल व्यापार, उग्रवादी तथा नक्सली संगठन में शामिल नहीं होने उनका समर्थन नहीं करने, साथ ही समाज से भटक कर उग्रवादी संगठन में शामिल हुए व्यक्तियों को मुख्य धारा में लौटने हेतु आह्वान किया। पुलिस से मदद पाने हेतु डायल-100, 112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने कि जानकारी देते हुये जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिये आमजन से सुझाव लिया गया तथा उनकी समस्या से अवगत होते हुये समाधान का प्रयास किया गया। साथ ही दिनांक 18 12 2024 को होने वाले जन जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गई तथा उसमें अपने-अपने समस्याओं को लेकर शामिल होने हेतु अनुरोध किया गया। अंत में सभी पदाधिकारी के द्वारा अपना अपना नंबर आम जनों को दिया गया।
उक्त बैठक में ओमप्रकाश ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू , हँसे उरांव , पुलिस निरीक्षक तमाड़ अंचल एवं रोशन कुमार , थाना प्रभारी तमाड़ उपस्थित रहे।

## "जन शिकायत समाधान कार्यक्रम" के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है






**रामगढ़**। माननीय व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें आलोक कुमार दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रामगढ़, संजय कुमार, प्रधान जिला न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अनिल कुमार, सचिव डी0एल0एस0ए0, श्री चन्दन कुमार, उपायुक्त, रामगढ़, अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ एवं रोहित कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी के द्वारा राष्ट्रीय लोग अदालत का उदधाटन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आये परिवादी/आवेदकों को लोक अदालत के संबंध में जानकारी दिया गया तथा उनकी लंबित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पादन किया गया। इस दौरान रामगढ़ पुलिस के द्वारा माननीय व्यवहार, न्यायालय, रामगढ़ में स्टॉल लगाकर महिला अत्याचार/उत्पीड़न, साईबर क्राईम, सड़क सुरक्षा, बाल यौन शोषण, पीड़ित को मिलने वाले मुआवजा के संबंध में तथा दिनांक-18.12.2024 को समय-11:00 बजे पूर्वाह्न में ''सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़'' में आयोजित होने वाले ''जन शिकायत समाधान कार्यक्रम'' के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया साथ ही रामगढ़ जिला के सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी के द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले ''जन शिकायत समाधान कार्यक्रम'' के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## छः अपराध कर्मी जमा होकर डकेती का योजना बनाते गिरफ्तार



दिनांक-13.12.2024 की रात्रि करीब 00.55 बजे गुप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी करने हेतु लोहरदगा थाना क्षेत्र अन्तगत ग्राम जुरीया डी०ए०वी स्कूल रोड़ में सितामनी एक्का के मकान में छापामारी किया गया। भाडे के कमरे में रह रहे 1. शैलेस कुमार साहु उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-प्रेम प्रकाश रमण सा० उसेलेन बरवाटोली, थाना व जिला-लोहरदगा, 2. राजेन्द्र महली उम्र करीब 24 वर्ष, पिता शेलवाहन महली, सा०-तिगड़ा लालपुर, थाना व जिला-लोहरदगा, 3. इमरोज अंसारी, उम्र करीब 18 वर्ष पिता स्व०- फिरोज अंसारी, सा०-नगजुआ. थाना-कैरो, जिला-लोहरदगा को पकड़ा गया। इनके तलाशी लेने पर दो लोडेड देशी कट्टा, चार मोबाईल एक लेपटोप, एक मोटरसाईकिल, तथा अन्य समान बरामद हुए। ये सभी समान दिनांक 07.12.2024 की रात्रि में हिरही से लुटे गये एवं बिते कल दिनांक-13.12.2024 के रात्रि में बदला गाँव थाना सेन्हा से लुटे गये है। ये सभी छः अपराध कर्मी जमा होकर डकेती का योजना बना रहे थे कि पकडे गये। इन सभी पुर्व में जेल जा चुके है तथा इनका अपराधिक इतिहास है। इस संबंध लोहरदगा थाना कांड सं0-233/2024, दिनांक-14.12.2024, धारा-310(4)/310(5)/317(3) B-N-S एवं 25 (1-8)A/26/35 आर्मस एक्ट दर्ज किया गया है।
गिरफतार अभियुक्तों की विवरणीः- 1.शैलेस कुमार साहु उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-प्रेम प्रकाश रमण सा०-उर्सलेन बरवाटोली, थाना व जिला-लोहरदगा। 2.राजेन्द्र महली उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-शेलवाहन महली, सा०-तिगड़ा लालपुर, थाना व जिला-लोहरदगा। 3.इमरोज अंसारी, उम्र करीब 18 वर्ष पिता-स्व०-फिरोज अंसारी, सा०-नगजुआ, थाना-कैरो, जिला-लोहरदगा । **जप्त समानों की विवरणीः-** 1.एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा जिसमें 3.15 M-M- का गोली लोड किया हुआ। 2.नीले रंग का VIVO का स्मार्ट फोन जिसका I-M-E-I- No-865203048374791, .... -(2) 865203048374783 3.Samsung कम्पनी Keypad Mobile काले रंग का। 4.H-P का ग्रे रंग का Laptop 5.2100/-रुपया केस (500 का चार और 100 का एक) 6.काले रंग का एक हिरो होण्डा मोटरसाईकिल जिसका रजिस्टेशन नं०- JHO8J-3466 7.हिरो लिखा हुआ एक मोटरसाईकिल का चाभी। 8.7.65 m-m का मिशफारय जैसा गोली जिसपर KF-7.65 अंकित 9.एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा जिसमें 3.15 M-M- का गोली लोड किया हुआ। 10.एक ग्रे रंग का Realmi Smart Phone c25y 11.एक Oppo का सिलभर रंग का Smart Phone. 12.घटना कारित करते समय एक मूँह ढकने वाला काले रंग का नकाब। **उदभेदित काण्ड-** 1.लोहरदगा थाना कांड सं0 229/2024, दिनांक-08.12.2024, धारा-309 (4) B-N-S 2.सेन्हा थाना कांड सं0-106/2024, दिनांक-13.12.2024

# उपायुक्त ने किया शहर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

## किसानों को समय से बीज उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता : ममता देवी





**रजरप्पा** गोला प्रखंड के हरना गाँव में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत शत प्रतिशत (100%) अनुदान पर गेहूं मसूर, मक्का एवं सरसों बीज का वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस कार्यक्रम में विधायक ममता देवी के द्वारा दर्जनों किसानों के बीच में गेहूं, सरसों, मक्का एवं अन्य बीजों का वितरण किया गया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि मौसम के आधार पर हर हाल में किसानों को बीज मुहैया करा दिया जाएगा। हमारी सरकार किसानों के प्रति कटिबद्ध है किसानों के समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी. यहां पहुँचे विधायक का पारम्परिक ढंग से स्वागत किया गया. मौके पर गोला प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधा वर्मा, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत प्रताप, बरलंगा मुखिया कांता देवी, पंचायत समिति सदस्य अंशु बेदिया सहित निर्मल महतो, गौरी शंकर महतो, सगीर अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

# मंईया को अब 15 से सीएम हेमंत भेजेंगे 2500 रुपये



झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पाँचवी किस्त की तारीख अब बढ़ा दी गई है. अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद पाँचवी किस्त DBT के जरिए भेजेंगे. पाँचवी किस्त को लेकर संथाल परगना में भव्य कार्यक्रम तय किए गए है. जहां से सीएम सीधे झारखंड की मंइयां को सौगात देंगे. यह ऐसा मौका है जब राज्य की सबसे बड़ी योजना में बढ़ी हुई राशी भेजी जाएगी.पाँचवी किस्त के रूप में 2500 रुपये सभी 50 लाख लाभार्थियों के खाते में भेजा जाएगा. इस दौरान कल्पना सोरेन भी मौजूद रहेंगी.

दरअसल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन के पहले कैबिनेट मीटिंग में इस योजना की राशी बढ़ाने के प्रस्ताव को पास कर दिया था. इसके बाद दिसंबर माह के 11तारीख को पैसा भेजे जाने की बात कही थी. लेकिन पैसा भेजने में कुछ देरी हुई. यह देरी टेक्निकल वजहों से हुई है. लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई है कि मंईया योजना की पाँचवी किस्त 15 तारीख से पहुंचना शुरू हो जाएगी.

पाँचवी किस्त भेजने का दिन झारखंड के इतिहास में दर्ज होगा. यही वजह है कि हेमंत सोरेन इस पल को भव्य बनाने की कोशिश कर रहे है. संभवत बरहेट विधानसभा में सीएम का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. जिसमें लाखों बहन बेटी शामिल होंगी. इस कार्यक्रम में हेमंत सोरेन सभी बेटी बहन का आभार जताएंगे. साथ ही DBT के जरिए सभी को पैसा भेजने की शुरुआत करेंगे.

अगर देखे तो इस योजना में हर दिन हजारों नए आवेदन ऑनलाइन मिल रहे है. अगर पूरे आवेदन को देखे तो अब तक 55 लाख के करीब है. जिसमें करीबन 50 लाख को पैसा भेजा जा रहा है. अब तक एक हजार रुपये मिल रहे थे लेकिन अब 2500 रुपये खाते में जाएंगे.

मो०फिरोज अली पे० -मो० कुर्बान अली सा०-नाला रोड, गली न० - 8, हिंदपीढ़ी,जिला - राँची इसके बारे में सूचना देने वाले को 10000 रूपया का उचित ईनाम दिया जायेगा। नोट - सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। इस न० पर सूचना दें । 1.एस०पी०सिटी, राँची मो० 9431706137 2.डी० एस० पी० कोतवाली, राँची, मो० - 9431770077 3.कोतवाली थाना प्रभारी, मो० - 9431706158 **राँची पुलिस**



# आज मांझेर पारा दुर्गा मंडप में बांग्ला जात्रा का आयोजन किया गया



आज दिनांक 14 दिसंबर को माझेर पारा दुर्गा मंडप में बांग्ला जात्रा वाहिनी ओपेरा द्वारा "दुर्गा वाहिनी धोरेछे त्रिशूल का आयोजन किया गया, बांग्ला यात्रा का उद्घाटन में मुख्य रूप से डॉक्टर जी चटर्जी, डॉक्टर डी चक्रवर्ती, मानोसी चक्रवर्ती, तारा रानी बनर्जी एवं समाजसेवी ललित कटेसरिया, अंजू कटासरिया ने दीप जलाकर उद्घाटन किया, इस बांग्ला जात्रा का आयोजन करने वाले में मुख्य रूप से टोनी बनर्जी,बादल सरकार, राणा चट्टराज, बापी विश्वास, प्रणव राय,टुबाई बनर्जी, अमिताभ बैनर्जी, प्रसुन दास गुप्ता अम्लेंदु मुखर्जी अशोक विश्वास, गोलू मंडल,भुट्टा दा, पाथो परबत,राजेश राय, अभीक घोष आदी लोग उपस्थित थे

# विधानसभा चुनाव में बेहतर काम करने वाले पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित, पाकुड़ एसपी ने सभी का जताया आभार

झारखण्ड में पिछले माह हुए विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले जिले के पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को एसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया।एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को प्रशस्ति पत्र दिया तथा भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने की अपील की। एसपी प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव में मतदान व मतगणना को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जिले के कई पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने उन सभी पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को उनके बेहतर कार्य के लिए धन्यवाद दिया तथा भविष्य में भी इसी तरह कार्य कर विभाग के साथ-साथ अपनी छवि सुधारने की अपील की। एसपी ने बताया



कि पुलिस पदाधिकारियों व जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। सभी ने विधानसभा चुनाव के दौरान काफी अच्छा कार्य किया है।पुलिस कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद, विजय कुमार, मुख्यालय डीएसपी जितेंद्र कुमार, अजय आर्यन, पुलिस निरीक्षक अनूप रोशन भेंगरा, हरिदेव प्रसाद, थानाध्यक्ष रंजन कुमार, सन्नी सुप्रभात, विवेक कुमार, नवीन कुमार समेत कई थाना व ओपी के प्रभारी, पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक, रीडर, सार्जेंट मेजर व अन्य जवानों को सम्मानित किया।

# टीएसपीसी के नाम पर कंपनी से रंगदारी वसूलना चाहते थे अपराधी...पांच धराया



राजधानी राँची ओरमांझी थाना की पुलिस ने सड़क निर्माण कंपनी के प्लांट में घुसकर टैंकर में आगजनी और फायरिंग करनेवाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधियों में सलीम अंसारी उर्फ बादल, दीपक कुमार, सद्दाम हुसैन उर्फ छोटू, लालमुनी राम उर्फ मुनीलाल और बबलू खान शामिल हैं।पकड़े गये अपराधी मुनि लाल का संबंध उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से रहा है वे लोग टीएसपीसी के नाम पर सड़क निर्माण कंपनी के प्रोपराइटर से रंगदारी वसूलना चाहते थे, इसलिए उन्होंने उक्त घटना को अंजाम दिया।यह जानकारी शुक्रवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा व ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने संवाददाता सम्मेलन में दी। अपराधियों के पास से दो देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, गोलियां, नौ मोबाइल और दो बाइक जब्त किया गया है।गिरफ्तार अपराधियों में रामगढ़ का लालमुनी राम उर्फ मुनीलाल, हजारीबाग का सद्दाम हुसैन व दीपक कुमार, अनगड़ा के महेशपुर का सलीम अंसारी उर्फ बादल तथा बबलू खान शामिल हैं।इन पर हजारीबाग, रामगढ़ व राँची जिला में कई कांड दर्ज हैं. उल्लेखनीय है कि 30 नवंबर की रात ओरमांझी थाना क्षेत्र के रुक्का स्थित हुटुप ओपी के समीप श्री राम इंटरप्राइजेज प्लांट में अपराधियों ने उत्पात मचाया था। चार अपराधियों ने प्लांट में घुसने के बाद पानी ढुलाई करने वाले टैंकर में सोये हुए चालक अखिलेश कुमार को उतारा और टैंकर को पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया।जाते समय अपराधियों ने चालक अखिलेश कुमार का मोबाइल लूट लिया। इसके बाद फायरिंग कर गाली-गलौज करते हुए भाग निकले।मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया।

# सप्लाई पानी की पाईप लाईन के लिकेज से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी हो रहा बर्बाद



**सिल्ली**: सिल्ली के हाट बगान के समीप सप्लाई पाईप लाईन के लिकेज से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्होबाद रहा है। लोगों को पानी की समस्या हो रही है। लीकेज के कारण उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचने वाला पानी पर्याप्त नहीं है पानी का प्रेशर भी कम रहता है। लिखेज पानी रास्ते में बहने से लोगों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले एक महीने से है। वहीं लोगों ने बताया कि जब इसकी शिकायत मुखिया से की गई तो उन्होंने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि अब यह काम मेरे द्वारा संचालित नहीं हो रहा है। वहीं विभाग के कनीय अभियंता जीत मोहन मुंडा ने बताया कि पाइप लीकेज की जानकारी मुझे नहीं है। इसे देखकर ठीक कर लिया जाएगा। जेई ने कहा कि पानी सप्लाई की संचालन स्थानीय पंचायत की ग्राम स्वच्छता से ही कराया जाना है ।

# बर्लिन पब्लिक स्कूल में छात्रों को दिया अग्निशमन अभ्यास का प्रशिक्षण

अग्निशमन अभ्यास एक ऐसा पहलू है,जिसमें विद्यार्थियों को अग्नि से संबंधित सुरक्षा के महत्वपूर्ण तत्वों के बारे में शिक्षित किया जाता है: डॉ० बिरसा उरांव

ओरमांझी: बर्लिन पब्लिक स्कूल कांके रोड में शनिवार को विद्यालय में छात्रों को अग्निशमन अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को अग्नि से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूक किया गया है। प्रशिक्षण में छात्रों को बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय कैसे शांत रहकर सही निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्हें आग बुझाने वाले यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। स्कूल के निदेशक डा. बिरसा उरांव ने बताया कि अग्निशमन अभ्यास एक ऐसा पहलू है, जिसमें विद्यार्थियों को अग्नि से संबंधित सुरक्षा के महत्वपूर्ण तत्वों के बारे में शिक्षित किया जाता है, जिससे उन्हें आग से जुड़े खतरों को समझने में मदद मिलती है। इस अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थी आग के बढ़ते हुए खतरों को पहचानने और उनसे बचने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार किए जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करें, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्साह और सामर्थ्य भी प्रदान करें जो अग्नि के खतरों का सामना करने में मददगार साबित हो सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्य





सत्येंद्र सिंह,शिक्षक अरविंद सिंह,विनय कुमार आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री गुरु नानक महाराज के प्रकाश पर्व पर हिण्डाल्को में श्री गुरु ग्रंथ साहिब अखंड पाठ आरंभ



**मुरी** -हिण्डालको में आज से श्री गुरु ग्रंथ साहिब अखंड पाठ आरंभ किया गया।इस अवसर पर साऊथ प्लांट गेट से पूजा स्थल तक शोभा यात्रा निकाली गई। हिण्डाल्को गुरु नानक पूजा कमिटी द्वारा तीन दिवसीय अखंड श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ, कीर्तन भजन एवं अंतिम तिथि 15 दिसंबर को एक बजे अटुट लंगर का आयोजन किया गया। जमशेदपुर से भाई रंजीत सिंह,भाई कमलजीत सिंह,दिलदार सिंह,तरसेम सिंह, रांची के उदय सिंह और कुलदीप सिंह अखंड पाठ में शामिल होंगे वहीं राखी जत्था उदय सिंह द्वारा कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा।इसे सफल बनाने में हिण्डाल्को गुरु नानक पूजा कमिटी के अजीत सिंह, सुगंध सिंह, कमलजीत सिंह,चरण जीत सिंह,राजेश सिंह, गुरदीप सिंह,अमन दीप सिंह,राज कुमार सिंह, अंकित , संतोष, आदि की सराहनीय भूमिका है।

# मनरेगा कर्मचारी संघ ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद को सौंपा ज्ञापन



**रजरप्पा** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ रामगढ़ जिला इकाई के जिला सचिव कुमार विवेक के नेतृत्व में पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुरुबंदा आवास में मुलाक़ात कर एक मांग पत्र सौंपा. इससे पूर्व मंत्री को बुके देकर स्वागत किया. मांग पत्र में ग्रेड पे वेतन लागू, मृत्यु उपरांत अनुकंपा पर आश्रितों को नौकरी आदि प्रमुख मांग शामिल है. वही मंत्री ने संघ को अश्वासन देते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत करा दूंगा. इधर, झारखंड के मनरेगा अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि मनरेगाकर्मियों की मांगें काफी पुरानी है. सरकार उनकी मांगों को लेकर कई वर्षों से सिर्फ आश्वासन दे रही है, लेकिन सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है. पूर्व में ही हेमंत सरकार मनरेगा कर्मचारियों की सेवा स्थाई करने का वादा किया था। मांग पत्र सौंपने वालों में राजकपूर राम, शत्रुघ्न सिन्हा, बालेश्वर महतो, अब्दुल कलाम, महेंद्र नायक, दीपक गुप्ता, रंजीत कुमार, शिवेंद्र भारती, दीपक राम, मनोज कुमार, रामकुमार महतो आदि मौजूद थे.

# सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने वूशु खेल को दिया प्रोत्साहन, रामगढ़ जिला वूशु एसोसिएशन को प्रदान की उच्च गुणवत्ता की खेल सामग्री



**रजरप्पा** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत खेलों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रामगढ़ जिला वूशु एसोसिएशन को उच्च गुणवत्ता की खेल सामग्री प्रदान की। इस पहल का उद्देश्य न केवल क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना भी है। सीसीएल द्वारा वूशु खेल सामग्री में वूशु फुल कोर्ट मैट, हेड गार्ड, चेस्ट गार्ड, जर्सी सेट, ग्लव्स आदि शामिल हैं। इन सामग्रियों का वितरण रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री कल्याणजी प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, "सीसीएल क्षेत्र के लोगों के सर्वांगीण विकास और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर और सुविधाएं प्रदान करें। मैं उम्मीद करता हूं कि आप सभी कड़ी मेहनत करेंगे, मेडल जीतेंगे और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।" इस अवसर पर सीएसआर अधिकारी आशीष झा, रामगढ़ जिला वूशु एसोसिएशन के सचिव गौरी शंकर और संयुक्त सचिव तपेश्वर महली भी उपस्थित थे। सचिव गौरी शंकर ने सीसीएल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "आज का दिन हमारे खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। हमें ऐसा महसूस हो रहा है जैसे हमारे बच्चों को अब एक अभिभावक मिल गया है। मैं महाप्रबंधक और सीसीएल का दिल से धन्यवाद करता हूं।" उन्होंने आगे बताया कि रजरप्पा क्षेत्र के कई बच्चे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं और अब इस नए सहयोग से उनकी सफलता की संभावना और भी बढ़ेगी। संयुक्त सचिव तारकेश्वर महली ने कहा, "इस प्रकार की सुविधाएं मिलने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हो सकेंगे।" सीसीएल का खेलों के प्रति समर्पण सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने हमेशा स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनके विकास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास किया है।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन





**रामगढ़** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में दिनांक 13 दिसंबर 2024 को रामगढ़ जिले में जिला स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव का शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत मैक्स बीएड कॉलेज में शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सर्वप्रथम सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के आयोजन की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त में सभी को देश के विकास में युवाओं के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति जानकारी देते हुए सभी के साथ स्वयं के अनुभवों को साझा किया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए यह सबसे जरूरी है कि आप निरंतर मेहनत करें अगर आप सभी किसी भी क्षेत्र को चिन्हित कर लगातार उस दिशा में मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर उपायुक्त ने सभी को अपने मित्र सोच समझ कर बनाने एवं अच्छी संगत में रहने पर जीवन में आने वाली सफलताओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने सभी से नशे से सावधान रहने एवं किसी भी हालत में नशीली पदार्थो के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए जीवन में सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करने एवं अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के माध्यम से कुछ नया सीखने एवं हार या जीत से बिना प्रभावित हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव की जानकारी दी गई साथ ही उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के विजई प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तरीय राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

# चारहदीवारी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत मिलने पर विधायक ममता देवी कार्य स्थल पहुंची

## विकास योजनाओं में अनियमितता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी : ममता देवी



**रजरप्पा** गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत के सोनडिमरा उपस्वास्थ्य केंद्र में हो रहे चारहदिवारी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक ममता देवी को दिया। जिसके बाद तत्कालीन विधायक ममता देवी ने कार्य स्थल पहुंची और हो रहे निमार्ण कार्य में घोर अनियमितता को देख काफी नाराजगी जताई और तत्काल उप विकास आयुक्त रामगढ़ को इसकी जानकारी दी और काम को रोककर जांच करने का आदेश दी तथा आगे निर्माण कार्य शुरू हो तो गुणवत्ता में सुधार लाने की बात कही। मौके पर प्रदीप महतो, गौरी शंकर महतो, दिनेश कुमार महतो, दिलीप कुमार, जितेन्द्र कुमार, सगीर अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिक्षक अभिभावक की हुई बैठक, संवाद



**रजरप्पा** डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शनिवार को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रशासक डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक का उद्देश्य एक स्वस्थ्य संवाद स्थापित करना, छात्रों की शिक्षा को अग्रसर करना, व्यवहार एवं अनुशासन, उपस्थिति एवं समय प्रबंधन, भविष्य की योजनाएँ एवं मार्गदर्शन इत्यादि रहे। अभिभावको में मो. सीन रजा (अभिभावक प्रतिनिधि), प्रेमनाथ कुमार, विरेन्द्र कुमार, खुदीराम महतो, प्रकाश प्रभाकर, जगदीश महतो, सनन अहमद, लोकेश्वर महतो, राधा देवी, मिनी देवी इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम की देख-रेख एवं संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री संजु रंजना होरो ने किया. मौके पर शिक्षक में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी, सतीश कुमार बिन्द आदि मौजुद थे।

# बिना कुछ गिरवी रखे अब दो लाख रुपये तक का मिलेगा लोन, RBI ने दिया किसानों को नए साल का तोहफा




**रिजर्व बैंक ने किसानों को नए साल का तोहफा दिया है। किसानों को मिलने वाले कोलैटरल फ्री लोन की सीमा को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है। किसान अब बिना कुछ गिरवी रखे बैंकों से दो लाख रुपये तक का लोन ले सकेंगे। अभी तक इस लोन की सीमा 1.6 लाख रुपये थी।**

कोलैटरल फ्री वह लोन होता है जिसे बैंक बिना कुछ गिरवी रखे या बिना किसी की जमानत के देते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय बढ़ती लागत और किसानों के लिए लोन सुलभता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए लिया गया है। एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि इससे 86 फीसदी से अधिक छोटे और सीमांत भूमि धारक किसानों को काफी लाभ होगा। 255000000000 का लोन... मुकेश अंबानी को पड़ी पैसों की जरूरत, आधा दर्जन बैंकों से चल रही बातचीत **बैंकों को दिए निर्देश** आरबीआई ने देश भर के बैंकों को संशोधित दिशा-निर्देशों को तेजी से लागू करने का निर्देश दिया है ताकि वित्तीय सहायता किसानों तक समय पर पहुंचे। इसके अतिरिक्त, बैंकों से यह भी कहा गया है कि इस लोन के बारे में वे व्यापक प्रचार करें। किसानों को इस लोन की सुविधा के बारे में भी बताएं।

**किसान क्रेडिट कार्ड की बढ़ेगी मांग** रिजर्व बैंक के इस कदम से किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋणों की मांग में वृद्धि होने की संभावना है। इससे किसान अपनी परिचालन और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। साथ ही यह पहल संशोधित ब्याज अनुदान योजना की भी पूरक है जो 4 फीसदी की प्रभावी ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक का लोन मुहैया कराती है।

**क्या है एक्सपर्ट की राय?** एक्सपर्ट ने रिजर्व बैंक के इस कदम की प्रशंसा की है। एग्रीकल्चर एक्सपर्ट इस पहल को ऋण समावेशन को बढ़ाने और कृषि आर्थिक विकास का समर्थन करने, खेती की इनपुट लागत पर महंगाई के दबाव को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं। **कहां करना होगा आवेदन?** दो लाख रुपये तक के इस कोलैटरल फ्री लोन के लिए किसी भी बैंक में जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान को किसी भी प्रकार की कोई भी चीज गिरवी नहीं रखनी होगी। हालांकि इस लोन के लिए 1 जनवरी 2025 से ही आवेदन कर सकेंगे। उससे पहले नहीं।

# अगले हफ्ते खुलेंगे 4 नए आईपीओ, विशाल मेगा मार्ट और मोबिक्विक समेत 11 की होगी लिस्टिंग

**अगर आप शेयर मार्केट में आईपीओ के जरिए निवेश करते हैं तो अगले हफ्ते आपको फिर से मौका मिल रहा है। अगले हफ्ते 4 आईपीओ खुल रहे हैं। इनमें दो आईपीओ मेन बोर्ड से और दो आईपीओ एसएमई बोर्ड से हैं। वहीं अगले हफ्ते 11 आईपीओ की लिस्टिंग भी होगी। इनमें विशाल मेगा मार्ट और मोबिक्विक का आईपीओ भी शामिल है।**

**नई दिल्ली:** इस साल को खत्म होने में मात्र दो हफ्ते बचे हैं। ऐसे में इन दो हफ्तों में कई आईपीओ शेयर मार्केट में एंट्री करने को तैयार हैं। अगर बात अगले हफ्ते की करें तो 4 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इनमें दो आईपीओ मेन बोर्ड से हैं तो दो एसएमई बोर्ड से। वहीं अगले हफ्ते 11 आईपीओ की लिस्टिंग भी होगी। अगर आप आईपीओ के जरिए शेयर मार्केट में निवेश करना पसंद करते हैं तो इन आईपीओ में दांव लगा सकते हैं। आईपीओ में निवेश करना ज्यादा लोग इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें लिस्टिंग पर अच्छे मुनाफे की उम्मीद होती है। हालांकि कई बार लिस्टिंग पर मुनाफे की जगह नुकसान भी हो जाता है।

यह मेन बोर्ड का आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 400 करोड़ रुपये है। कंपनी कोई भी नया शेयर जारी नहीं करेगी। सारे 1.02 करोड़ शेयर ओएफएस के तहत जारी किए जाएंगे। इस शेयर में 19 से 23 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। इसकी लिस्टिंग 27 दिसंबर को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू दो रुपये प्रति शेयर है। इसका प्राइस बैंड क्या होगा, अभी इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।




यह भी मेन बोर्ड का आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 179.39 रुपये है। इसमें भी सारे 74 लाख शेयर ओएफएस के तहत जारी किए जाएंगे। कोई भी नया शेयर जारी नहीं होगा। यह आईपीओ बोली के लिए 19 दिसंबर को खुलेगा और 23 दिसंबर को बंद हो जाएगा। इसकी लिस्टिंग 27 दिसंबर को हो सकती है। फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। इसका प्राइस बैंड 230 से 243 रुपये प्रति शेयर है। एक लॉट में 61 शेयर हैं। इसके लिए 14,823 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट बुक करा सकता है।

# अल्लू अर्जुन की रियल लाइफ 'श्रीवल्ली' स्नेहा रेड्डी के बारे में जानते हैं? जानें क्या करती हैं और कितनी है नेटवर्थ

**अल्लू अर्जुन को कल एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत भी मिल गई। इस पूरे घटनाक्रम ने लोगों का ध्यान उनकी रियल लाइफ श्रीवल्ली यानी उनकी पत्नी की ओर भी खींचा। अल्लू अर्जुन की पत्नी का नाम स्नेहा रेड्डी है। वह एक सफल महिला कारोबारी हैं।**

नई दिल्लीः 'पुष्पा 2' स्टार अल्लू अर्जुन एक बार फिर से चर्चा में हैं। इस बार चर्चा एक भगदड़ में हुई महिला की मौत के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर है। हालांकि उन्हें बाद में जमानत भी मिल गई। इस पूरे घटनाक्रम में अल्लू अर्जुन जितने चर्चा में हैं, उससे ज्यादा चर्चा उनकी रियल श्रीवल्ली यानी पत्नी स्नेहा रेड्डी की है। अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी से लेकर रिहाई तक स्नेहा उनके साथ हमेशा खड़ी दिखाई दीं। यही नहीं, सोशल मीडिया में ऐसे फोटो भी मौजूद हैं जिसमें उन्हें रोता देखा जा रहा है। जब पुलिस उन्हें ले जा रही थी तो उनकी आंखों में आंसू थे। अल्लू अर्जुन और स्नेहा रेड्डी की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। वहीं कमाई के मामले में भी स्नेहा रेड्डी काफी आगे हैं। वह करोड़ों रुपये की मालकिन हैं। प्राइवेट जेट से लेकर मल्टीप्लेक्स और रेस्टोरेंट का बिजनेस, पुष्पा 2 के एक्टर अल्लू अर्जुन का नेटवर्थ जानते हैं?

**कौन हैं स्नेहा रेड्डी?** स्नेहा हैदराबाद के एक बड़े परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता का नाम कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी है। वह एक बड़े कारोबारी हैं। साथ ही वह हैदराबाद के एक शैक्षणिक संस्थान के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कुछ समय कांग्रेस पार्टी जॉइन की थी।

स्नेहा ने अपना उच्च शिक्षा अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (MIT) से की है। उन्होंने वहां से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री ली है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह भारत लौट आईं और अपने पिता का संस्थान जॉइन किया। साल 2011 में स्नेहा ने अल्लू अर्जुन के साथ शादी की थी। इसके दो बच्चे भी हैं।

सोशल मीडिया पर रहती हैं काफी एक्टिव स्नेहा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनका अकाउंट अल्लू स्नेहा रेड्डी नाम से है। शनिवार सुबह 11 बजे तक उनके अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या 91 लाख थी। वहीं वह 635 लोगों को फॉलो भी करती हैं। इसमें रश्मिका मंदाना भी शामिल हैं। वह इंस्टाग्राम पर समय-समय पर अपनी लाइफ की एक्टिविटी से जुड़ी पोस्ट करती रहती हैं। वह अभी तक 616 पोस्ट कर चुकी हैं। कितनी है नेटवर्थ?




स्नेहा एक सफल कारोबारी महिला भी हैं। वह पिता के संस्थान के साथ स्टूडयो पिकाबू (Studio Picaboo) नाम का बजिनेस भी चलाती हैं। यह एक ऑनलाइन फोटो स्टूडियो है। स्नेहा की नेटवर्थ कितनी है, इसके बारे में बहुत ज्यादा सटीक जानकारी नहीं है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 42 करोड़ रुपये बताई जाती है। ऐसे में देखा जाए तो स्नेहा करोड़ों रुपये की मालकिन हैं।

# स्टॉक एक्सचेंज के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए किस ओर जा रहे निवेशक, जानते हैं?

**इस समय शेयर बाजार में खूब उठा-पटक चल रहा है। अब कल का ही उदाहरण लीजिए ना। कल सुबह बाजार में सुस्ती थी। यह सुस्ती धीरे-धीरे बिकवाली में बदल गई। बिकवाली इतनी बढ़ी कि एक समय बीएसई सेंसेक्स 1000 अंक से भी ज्यादा लुढ़क गया। लेकिन बाद में लिवाली ऐसी शुरू हुई कि बाजार बंद होते समय सेंसेक्स 843 अंक ऊपर था। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स क्या करे?**




मुंबईः कल यानी शुक्रवार को बड़ा ही अजूबा हुआ। सुबह बाजार में सुस्ती थी। यह सुस्ती धीरे-धीरे बिकवाली में बदल गई। बिकवाली इतनी बढ़ी कि एक समय बीएसई सेंसेक्स 1000 अंक से भी ज्यादा लुढ़क गया। लेकिन बाद में लिवाली ऐसी शुरू हुई कि बाजार बंद होते समय सेंसेक्स 843 अंक ऊपर था। जब शेयर बाजारों में ऐसी स्थिति होती है तो रिटेल इनवेस्टर्स घबरा जाते हैं। फिर वह रास्ता पकड़ते हैं म्यूचुअल फंड का। **इन दिनों किस फंड की पूछ** इन दिनों शेयर बाजारों के तेज उतार-चढ़ाव दिख रहे हैं। ऐसे में निवेशक म्यूचुअल फंड के हाइब्रिड फंड में निवेश कर रहे हैं। नवंबर में इस स्कीम में 4,129 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इस स्कीम का एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य एक साल में 45 फीसदी बढ़ा है।

**हाइब्रिड फंड का एयूएम कितना** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) के मुताबिक, हाइब्रिड फंड का एयूएम (AUM) एक साल में 6.02 लाख करोड़ से बढ़कर 8.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है। म्यूचुअल फंडों में हाइब्रिड फंड सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणी है क्योंकि निवेशक उतार-चढ़ाव भरी बाजार स्थितियों में सुरक्षा चाह रहे हैं। हाइब्रिड फंड पसंदीदा बन रहे हैं क्योंकि वे इक्विटी और डेट दोनों में निवेश करते हैं। इससे निवेशकों के लिए जोखिम कम और अच्छे रिटर्न मिलते हैं। **कितने नए खाते खुले**

हाइब्रिड फंड में इस साल अक्तूबर में 23 लाख नए खाते खुले हैं। निवेशकों की दिलचस्पी को देखते हुए म्यूचुअल फंड हाइब्रिड फंडों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अधिकांश फंड हाउस हाइब्रिड में डेट और इक्विटी के बीच बैलेंस बना रहे हैं। निप्पॉन इंडिया मल्टी एसेट फंड सबसे अलग है। यह फंड इक्विटी, डेट और कमोडिटी में एक निश्चित निवेश का पालन करता है। यह अंतरराष्ट्रीय इक्विटी में भी निवेश करता है।

**कितना है रिटर्न** निप्पॉन इंडिया इक्विटी हाइब्रिड फंड ने एक साल में 23.02 व निप्पॉन बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने 19.39 फीसदी रिटर्न दिया। इसके बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने 19.39 फीसदी का फायदा दिया है। इसी तरह से एक साल में एचडीएफसी मल्टी एसेट ने 18.9 फीसदी, कोटक मल्टी एसेट ने 23.5 फीसदी और निप्पॉन मल्टी एसेट ने 25.93 फीसदी का रिटर्न दिया है।

**अस्थिर बाजारों में सुरक्षा** अस्थिर बाज़ारों में, हाइब्रिड फंड पैसे की सुरक्षा और विकास प्रदान करते हैं, जो एक निवेशक की दो महत्वपूर्ण जरूरतें हैं। चूंकि ये फंड बाजार में बदलाव के साथ तालमेल बिठा लेते हैं, इसलिए ये निवेशकों को बाजार के समय की चिंता से बचने में मदद करते हैं।

# छोटे वेंचर से की कारोबार की शुरुआत, अब अरबपतियों में गिनती, क्या है बिजनेस?

**सुरेंदर सलूजा भारत के ऊर्जा क्षेत्र के सबसे धनी व्यक्ति हैं। उनकी कंपनी प्रीमियर एनर्जीज सौर सेल और मॉड्यूल बनाती है। सितंबर 2024 में कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट हुई थी। कंपनी का मार्केट कैप 57,789 करोड़ रुपये है।**

**नई दिल्लीः** सुरेंदर सलूजा भारत के सबसे अमीर बिजनेसमैन में से एक हैं। फोर्ब्स के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति 4.5 अरब डॉलर यानी लगभग 38187 करोड़ रुपये है। 77 वर्षीय सलूजा प्रीमियर एनर्जीज के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। यह कंपनी सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल बनाती है। आइए, यहां सुरेंदर सलूजा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। फोर्ब्स की अमीरों की सूची के अनुसार, सुरेंदर सलूजा ऊर्जा क्षेत्र में भारत के सबसे धनी व्यक्ति हैं। सितंबर 2024 में उनकी कंपनी प्रीमियर एनर्जीज शेयर बाजार में लिस्ट हुई। 10 दिसंबर तक इसका मार्केट कैप 57,789 करोड़ रुपये था। सलूजा कंपनी के बोर्ड को रणनीतिक सलाह देते हैं। वह कंपनी की व्यावसायिक रणनीतियां भी बनाते और लागू करते हैं। सुरेंद्र प्रीमियर एनर्जीज के चेयरमैन हैं। उनके बेटे चिरंजीवी प्रीमियर एनर्जीज के प्रबंध निदेशक हैं। 29 साल पुरानी इस कंपनी की हैदराबाद में पांच मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट हैं। सुरेंदर सलूजा ने कर्नाटक यूनिवर्सिटी, धारवाड़ से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री हासिल की है। 1969 में ग्रेजुएशन के तुरंत बाद उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया। सुरेंदर ने छोटे उद्यमों से शुरुआत की। बाद में 1995 में सुरेंदर ने हैदराबाद में प्रीमियर एनर्जीज की स्थापना की। सालों बाद उनके व्यवसाय ने उन्हें अरबपति बना दिया। प्रीमियर एनर्जीज ने सोलर लालटेन और स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी उत्पादों से शुरुआत की थी। बाद में सुरेंदर सलूजा ने दूर-दराज के गांवों में सोलर इंस्टॉलेशन लगाने जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम किया।

# एयरपोर्ट पर दो दिन तक फंसे रहे IndiGo के यात्री, होटल में ठहराना तो दूर, भोजन को भी तरसे




**इंडिगो के साथ एक और बदनुमा दाग जुड़ गया है। पिछले दिनों इसकी इस्तांबुल-दिल्ली और इस्तांबुल-मुंबई उड़ानों में भारी देरी हुई। सैकड़ों यात्री इस्तांबुल हवाई अड्डे पर फंस गए। उन्हें ठहरने और खाने की सुविधा नहीं मिली। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानी बताई। इंडिगो ने देरी के लिए माफ़ी मांगी है। हालांकि, मुआवजे की कोई घोषणा नहीं हुई। यह घटना इंडिगो की खराब रैंकिंग के बाद हुई है।**

नई दिल्लीः इस्तांबुल एयरपोर्ट पर इंडिगो की दो उड़ानों में देरी के कारण सैकड़ों यात्री फंस गए। इंडिगो की उड़ान 6E 12 (इस्तांबुल से दिल्ली) और 6E 18 (इस्तांबुल से मुंबई) बीते बुधवार रात को उड़ान भरने वाली थीं। लेकिन 24 घंटे से ज़्यादा की देरी हो गई। यात्रियों को ठीक से जानकारी नहीं दी गई। शुक्रवार सुबह तक, यात्रियों के फंसे हुए 39 घंटे हो चुके थे। इंडिगो ने उड़ान का नया समय नहीं बताया था। यात्रियों ने खाने-पीने और रहने की सुविधा न मिलने की शिकायत की। सोशल मीडिया पर उन्होंने इंडिगो की खराब व्यवस्था पर गुस्सा ज़ाहिर किया। हालांकि, इंडिगो ने माफ़ी मांगी है, लेकिन देरी का कारण नहीं बताया और न ही मुआवज़े का ऐलान किया है। यह घटना हाल ही में आई AirHelp Score रिपोर्ट के बाद हुई है, जिसमें इंडिगो को दुनिया की सबसे खराब एयरलाइन्स में से एक बताया गया था।

**क्या है वाकया** हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडिगो की दो उड़ानें, 6E 12 और 6E 18, इस्तांबुल से क्रमशः दिल्ली और मुंबई के लिए निर्धारित थीं। बुधवार रात को उड़ान भरने वाली ये उड़ानें 24 घंटे से भी ज़्यादा देरी से चल रही थीं। शुक्रवार सुबह तक, यात्री 39 घंटे से फँसे हुए थे। इंडिगो ने बार-बार उड़ान का समय बदला, लेकिन यात्रियों को ठीक से जानकारी नहीं दी। इस वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। परेशान यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानी बताई। उन्होंने इंडिगो द्वारा इस स्थिति को संभालने के तरीके पर नाराज़गी जताई। एक यात्री, शुभम बंसल ने LinkedIn पर लिखा, "मैं उन 400 यात्रियों में से एक हूं जो पिछले 24 घंटों से इस्तांबुल में फँसे हुए हैं। इंडिगो की तरफ से कोई जवाब या अपडेट नहीं है। क्या आप इस तरह एयरलाइन चलाते हैं?" अनुश्री भंसाली नाम की एक और यात्री ने घटनाओं का क्रम बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "उड़ान को दो बार एक घंटे की देरी हुई, फिर रद्द कर दिया गया, और अंत में 12 घंटे बाद पुनर्निर्धारित किया गया।" भंसाली, जिन्हें बुखार और थकान हो रही थी, ने कहा कि यात्रियों को रहने की जगह, खाने के वाउचर या इंडिगो के प्रतिनिधियों से भी संपर्क नहीं किया गया।

रोहन राजा नाम के एक अन्य यात्री ने बताया कि कैसे लोगों को ठंड के मौसम में परेशानी हुई क्योंकि एयरलाइन द्वारा कथित रूप से दिए गए आवास तक पहुँचने के लिए कोई परिवहन की व्यवस्था नहीं की गई थी। यात्रियों को बताया गया कि उन्हें मुआवजे के तौर पर इस्तांबुल एयरपोर्ट पर लाउंज की सुविधा मिलेगी, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। मुंबई जाने वाले एक यात्री, पर्श्व मेहता ने कहा, "लाउंज इतना छोटा था कि इतनी बड़ी संख्या में फंसे हुए यात्रियों को समायोजित नहीं कर सका। हम में से कई लोग बिना उचित सुविधाओं के घंटों खड़े रहे। कोई वैकल्पिक उड़ानें नहीं दी गईं, कोई उचित कम्यूनिकेशन नहीं किया गया, और सबसे बढ़कर - क्षतिपूर्ति के लिए कोई योजना साझा नहीं की गई।" मेहता ने "बुनियादी ग्राहक सेवा की घोर विफलता" के लिए इंडिगो की आलोचना की और सभी प्रभावित यात्रियों के लिए उचित मुआवजे के साथ माफी की मांग की। एक बयान में, इंडिगो ने व्यवधान में रुकावट के लिए माफी मांगी, जिसमें कहा गया है, "हम इस्तांबुल के लिए इंडिगो उड़ान कनेक्शन में देरी के बारे में जानते हैं। हम ग्राहकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं, और हमारी टीमें ग्राहकों की सहायता के लिए सभी संपर्क बिंदुओं पर उपलब्ध हैं। इंडिगो ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए क्षमा चाहता है।" माफ़ी मांगने के बावजूद, एयरलाइन ने देरी के बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण नहीं दिया है या मुआवजे की योजना की घोषणा नहीं की है, जिससे यात्री असंतुष्ट हैं। **इंडिगो दुनिया की सबसे खराब एयरलाइन में से एक** यह घटना इंडिगो को 2024 AirHelp Score रिपोर्ट में दुनिया की सबसे खराब एयरलाइनों में से एक के रूप में शामिल किए जाने की पृष्ठभूमि में हुई है। रिपोर्ट में इंडिगो को 109 एयरलाइनों में से 103वां स्थान दिया गया है, जिसमें ग्राहक संतुष्टि और उड़ान व्यवधान के दावों को अपर्याप्त रूप से संभालने का हवाला दिया गया है। इंडिगो ने सर्वेक्षण की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए निष्कर्षों को खारिज कर दिया था। एयरलाइन ने कहा था, "भारत का विमानन नियामक DGCA मासिक रूप से एयरलाइन समय की पाबंदी और ग्राहक शिकायतों पर डेटा प्रकाशित करता है। इंडिगो ने समय की पाबंदी पर लगातार उच्च स्कोर किया है और उसके आकार और संचालन के पैमाने की एयरलाइन के लिए सबसे कम ग्राहक शिकायत अनुपात है।

# निवेशकों का इतना भरोसा! IPO में मांगा था 1.18 करोड़ शेयरों के लिए पैसा, बोली आई 1.41 अरब के लिए

**डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म वन मोबिक्विक सिस्टम्स के आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त सपोर्ट मिला। यह आईपीओ 119.38 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल इनवेस्टर्स ने तो 134.67 गुना बोली लगा दी। इसी के साथ गैर-संस्थागत निवेशकों ने 108.95 गुना बोली लगाई। योग्य संस्थागत निवेशकों का कोटा 119.50 गुना सब्सक्राइब हुआ। 572 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से नए इक्विटी शेयरों का है।**

**मुंबईः** डिजिटल पेमेंट कंपनी One MobiKwik Systems का IPO धमाकेदार रहा। कंपनी ने कुल मिला कर 1,18,71,696 शेयरों के लिए बोली मंगाई थी जबकि निवेशकों ने 1,41,72,69,502 शेयरों के लिए बोली लगाई। मतलब कि यह 119.38 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ। इसमें रिटेल निवेशकों ने 134.67 गुना, गैर-संस्थागत निवेशकों ने 108.95 गुना और योग्य संस्थागत निवेशकों ने 119.50 गुना बोली लगाई। कंपनी 572 करोड़ रुपये जुटाकर अपने फाइनेंशियल और पेमेंट सर्विस, AI और मशीन लर्निंग में रिसर्च और पेमेंट डिवाइस इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करेगी। IPO की कीमत 265-279 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। ग्रे मार्केट में शेयर 150 रुपये प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है, जो इश्यू प्राइस से




**रिटेल इनवेस्टर्स ने जमकर लगाई बोली** MobiKwik के IPO में रिटेल निवेशकों ने सबसे ज़्यादा रुचि दिखाई। उनका हिस्सा 134.67 गुना सब्सक्राइब हुआ। गैर-संस्थागत निवेशकों ने भी पीछे नहीं हटे और 108.95 गुना बोली लगाई। योग्य संस्थागत निवेशकों का कोटा भी 119.50 गुना भर गया। कुल मिलाकर, IPO को लेकर बाजार में काफी उत्साह देखा गया।

**क्या है कंपनी का प्लान** इस IPO के जरिए MobiKwik 572 करोड़ रुपये जुटाएगी। यह पैसा कंपनी के विकास में लगाया जाएगा। कंपनी अपनी फाइनेंशियल और पेमेंट सर्विस को और बेहतर बनाना चाहती है। इसके अलावा, AI और मशीन लर्निंग में रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। पेमेंट डिवाइस इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर भी ध्यान दिया जाएगा। कंपनी का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अपनी सेवाएं पहुंचाना है।

**क्या चल रहा है जीएमपी** MobiKwik ने अपने IPO के लिए 265-279 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया था। निवेशक एक लॉट में 53 शेयरों के लिए बोली लगा सकते थे। ग्रे मार्केट में कल शेयर 150 रुपये प्रीमियम पर कारोबार कर रहा था। यह इश्यू प्राइस के अपर बैंड 279 रुपये से 56% ज्यादा है। गुरुवार को यह प्रीमियम 156 रुपये था। इससे पता चलता है कि निवेशकों को कंपनी के भविष्य पर भरोसा है।

**मोबिक्विक क्या है** MobiKwik की स्थापना 2008 में हुई थी। मोबिक्विक को आप एक क्रेडिट ऑफरिंग प्लेटफॉर्म कह सकते हैं। इसे आप डिजिटल वॉलेट भी कह सकते हैं। इसमें आप पैसे लोड कर या अपना बैंक खाता जोड़ कर कुछ ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। जैसे किसी को पैसे भेजना, किसी से पैसे प्राप्त करना, मोबाइल फोन रिचार्ज, बिजली बिल का पेमेंट, इंटरनेट-डीटीएच आदि का बिल भरना, ऑनलाइन शॉपिंग आदि करना। **ग्राहकों का बेस कितना है** यह 16.1 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स और 42.6 लाख व्यापारियों को सेवाएं देती है। मई 2024 तक, PPI वॉलेट सेगमेंट में ग्रॉस ट्रांजेक्शन वैल्यू के आधार पर कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 23.11% थी।

# ओपन AI के व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की मौत, कॉपीराइट उल्लंघन पर जताई थी चिंता

**OpenAI के पूर्व शोधकर्ता और व्हिसलब्लोअर, सुचिर बालाजी सैन फ्रांसिस्को में मृत पाए गए। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया। बालाजी ने जनरेटिव AI में कॉपीराइट उल्लंघन और नैतिक चिंताओं पर आवाज उठाई थी। उनके खुलासे AI विकास में नैतिकता और कानूनी विवादों को लेकर बढ़ती बहस के केंद्र में हैं।**

**वॉशिंगटनः** चैटजीपीटी को बनाने वाली कंपनी OpenAI में शोधकर्ता और व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उन्होंने जनरेटिव AI के विकास में कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर चिंता जताई थी। वह अपने सैन फ्रांसिस्को के अपार्टमेंट में मृत पाए गए। अरबपति एलन मस्क ने भी इस पर रिएक्शन दिया है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस और मेडिकल एग्जामिनर कार्यालय के अनुसार सुचिर बालाजी की मौत आत्महत्या मानी जा रही है और किसी भी षड्यंत्र के सबूत नहीं मिले हैं। उनकी मौत ने एआई के विकास से जुड़ी नैतिक और कानूनी मुद्दों पर बहस तेज कर दी है। बालाजी के दोस्तों और उनके सहकर्मियों ने जब चिंता जताई तो पुलिस 26 नवंबर दोपहर 1 बजे उनके लोअर हाइट्स निवास पर पहुंची। पुलिस को अपार्टमेंट में उनका शव मिला। पुलिस ने कहा, 'पुलिस और चिकित्सा दल मौके पर पहुंचे और एक मृत व्यक्ति को देखा। देखने से लग रहा था कि उसने जैसे आत्महत्या की है। शुरुआती जांच में किसी षड्यंत्र के संकेत नहीं मिले।' मेडिकल एग्जामिनर ऑफिस ने मौत को आत्महत्या बताया। लेकिन यह कैसे हुई इसका खुलासा नहीं किया गया। **कंपनी के काम पर जताई थी चिंता** रिपोर्ट के मुताबिक बालाजी ओपन एआई में चार साल से अधिक समय तक काम कर चुके थे और चैटजीपीटी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शुरुआत में उन्होंने सोचा कि ऑनलाइन डेटा, जिसमें कॉपीराइट सामग्री शामिल है का इस्तेमाल ओपन एआई की रणनीति के अनुसार स्वीकार्य है। लेकिन 2022 के अंत में चैटजीपीटी लॉन्च होने के बाद, वह कानूनी और नैतिक चिंताओं को लेकर परेशान हो गए। अगस्त 2023 में उन्होंने




ओपन एआई से इस्तीफा दे दिया और सार्वजनिक रूप से अपनी चिंताओं को साझा करना शुरू किया।

उन्होंने कंपनी पर आरोप लगाया कि जनरेटिव एआई मॉडल के प्रशिक्षण के लिए अवैध रूप से कॉपीराइट सामग्री का इस्तेमाल किया गया। अक्टूबर में न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ उन्होंने इंटरव्यू में कहा, 'अगर आप वही मानते हैं जो मैं मानता हूं तो आपको कंपनी छोड़नी ही होगी।'

**कंपनी पर हुए मुकदमे** बालाजी की ओर से यह खुलासा ऐसे समय में हुआ जब लेखक, प्रोग्रामर और पत्रकार कंपनी के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन का मामला दर्ज करवा रहे थे। अक्टूबर में बालाजी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, 'मैंने हाल ही NYT की एक स्टोरी में हिस्सा लिया, जिसमें मैंने बताया कि क्यों मैं जनरेटिव AI उत्पादों के लिए 'फेयर यूज' का बचाव अव्यवहारिक मानता हूं।' उन्होंने आगे कहा कि फेयर यूज का तर्क इसलिए कमजोर है क्योंकि ये प्रोडक्ट्स उसी डेटा का रूप बना सकते हैं, जिस पर ये प्रशिक्षित होते हैं।

# कनाडा ने अमेरिका की बिजली काटने की दी धमकी, ट्रंप के टैरिफ के जवाब में ट्रूडो सरकार उठाएगी कदम?



**अमेरिका के प्रस्तावित टैरिफ पर कनाडा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी। ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि टैरिफ के जवाब में मिशिगन, न्यूयॉर्क और विस्कॉन्सिन की ऊर्जा आपूर्ति बाधित हो सकती है। हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कदम के लिए संघीय मंजूरी आवश्यक है।**

**ओटावाः** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इसके जवाब में कनाडा ने अपने पड़ोसी अमेरिका को धमकी दी है। एक शीर्ष कनाडाई अधिकारी ने चेतावनी दी कि टैरिफ के जवाब में अमेरिका को ऊर्जा आपूर्ति बंद की जा सकती है। ओंटारियो प्रांत के प्रीमियर डग फोर्ड ने धमकी भरे लहजे में कहा, 'हम उनकी ऊर्जा आपूर्ति को मिशिगन, न्यूयॉर्क राज्य और विस्कॉन्सिन तक जाने से रोकने की हद तक जा सकते हैं।' फोर्ड ने कहा कि अगर ट्रंप कनाडा से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाते हैं, तो कनाडा को अपने सभी विकल्पों का इस्तेमाल करना होगा। **जॉब प्राप्त करना आपकी सोच से भी आसान हो सकता है** चूंकि कनाडा कच्चे तेल का बड़ा उत्पादक नहीं है। ऐसे में फोर्ड की धमकी मुख्य रूप से उस बिजली के लिए मानी जा रही है, जिसे अमेरिका कनाडा से आयात करता है। फोर्ड ने कहा, 'कनाडाई लोगों को नुकसान होगा, लेकिन मैं आपको एक बात का आश्वासन दे सकता हूं। अमेरिकियों को भी इसका असर महसूस होगा और यह दुर्भाग्यपूर्ण है।' ट्रंप के प्रस्तावित टैरिफ से कनाडाई अर्थव्यवस्था पर मंदी का खतरा बढ़ सकता है। फोर्ड की चेतावनी दिखाती है कि कनाडा में भी कुछ लोग मजबूत जवाबी कार्रवाई के पक्ष में हैं। **ट्रूडो के मंजूरी की होगी जरूरत** लेकिन क्या कनाडा ऐसा कर सकता है? एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसी किसी भी जवाबी कार्रवाई के लिए कनाडा की संघीय सरकार से मंजूरी की जरूरत होगी। एक ट्रेड वार दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी। इससे बॉर्डर के दोनों तरफ के उपभोक्ताओं और बिजनेस को ही नुकसान होगा। गैसबड्डी में पेट्रोलियम विश्लेषण के प्रमुख पैट्रिक डी हान ने कहा, 'यह एक खतरा है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कनाडा इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करना चाहता।' रोसेस **कितनी बिजली खरीदता है** संयुक्त राज्य अमेरिका नियमित रूप से ओंटारियो, क्यूबेक और ब्रिटिश कोलंबिया से हाइड्रोपावर का आयात करता है। कनाडा अमेरिका में सबसे ज्यादा बिजली आयात करता है। हालांकि यह कुल खपत का बेहद छोटा हिस्सा है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के मुताबिक पिछले साल अमेरिका ने 38.9 मिलियन मेगावाट घंटे बिजली का आयात किया था। इसका ज्यादातर हिस्सा 33.2 मिलियन मेगावाट घंटे कनाडा से आया था। हालांकि यह हर साल अमेरिका में होने वाली बिजली खपत का 1 फीसदी से भी कम है।

# कनाडा सरकार ने विदेशी छात्रों से एजुकेशनल डिटेल्स मांगीःअटेंडेंस, मार्क्स, स्टडी परमिट और वीजा जमा करने को कहा, इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने भेजा ईमेल

**ओटावा** कनाडा में रह रहे विदेशी छात्रों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कनाडा सरकार ने वहां पढ़ रहे विदेशी छात्रों को ईमेल भेजकर कई तरह के डॉक्यूमेंट सबमिट करने को कहा है। इनमें वीजा, स्टडी परमिट, एजुकेशनल रिकॉर्ड, मार्क्स और अटेंडेंस शामिल है। भारतीय छात्रों ने इसके बारे में जानकारी दी है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक कनाडा के इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप (IRCC) डिपार्टमेंट ने विदेशी छात्रों को ईमेल भेजा है। इनमें से कई छात्र ऐसे हैं जिनका वीजा दो साल तक के लिए ही वैध है। कनाडा सरकार विदेशी स्टूडेंट्स के लिए नियम कड़े करते जा रही है। ऐसे में छात्रों के बीच बेचैनी का माहौल है। **अटेंडेंस और पार्ट टाइम काम की डिटेल मांगी** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में पढ़ रहे एक भारतीय स्टूडेंट ने कहा कि मैं IRCC की ओर से भेजे गए ईमेल पढ़कर हैरान हो गया। मेरा वीजा मई 2026 तक है। ऐसे में मुझे फिर से सारे डॉक्यूमेंट सबमिट करने के लिए कहा गया है। छात्र ने कहा कि उन्होंने मुझसे अटेंडेंस की डिटेल और पार्ट-टाइम काम के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा में हाल ही में 3 भारतीय छात्रों की हत्या का मुद्दा उठाया था। इमिग्रेशन कंसल्टेंट महबूब रजवानी का कहना है कि यह फैसला इंटरनेशनल स्टूडेंट्स की तादाद में कमी करने के लिए कनाडा की रणनीति का हिस्सा है। इसके अलावा कई छात्र स्टूडेंट्स वीजा पर कनाडा आते हैं और यहां नौकरी करने लगते हैं, कनाडा सरकार इन लोगों की भी पहचान करना चाहती है। पिछले हफ्ते कनाडा में रहने वाले पंजाब के कई स्टूडेंट्स ने ऐसी ही ईमेल मिलने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि ईमेल के जरिए IRCC ऑफिस आकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए कहा गया था। अचानक से इस तरह के ईमेल आने से स्टूडेंट्स में चिंता का माहौल है। हाल के कुछ सालों में कनाडा में विदेशी छात्रों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। विदेशी मंत्रालय के अनुसार, कनाडा में 4.2 लाख भारतीय स्टूडेंट्स



रहते हैं। इसके बाद अमेरिका में 3.3 लाख भारतीय छात्र रहते हैं। पिछले एक हफ्ते में कनाडा में अलग-अलग मामलों में तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इंडियन हाई कमीशन ने कनाडाई अधिकारियों के सामने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे लेकर कहा- कनाडा में हेट क्राइम और हिंसक वारदातों की बढ़ती घटनाओं की वजह से हमने अपने नागरिकों और भारतीय छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पिछले साल सितंबर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों की मिलीभगत का आरोप लगाया था।

# ये सब बकवास है... जॉर्जिया की राष्ट्रपति का चुनाव नतीजे मानने से इनकार, बोलीं- मैं कहीं नहीं जा रही हूं



**बिलिसीः** जॉर्जिया की प्रेसीडेंट सैलोम जौराबिचविली ने राष्ट्रपति चुनावों को सिरे से खारिज कर दिया है। देश में शनिवार को चुनाव हो रहा है लेकिन सैलोम ने शुक्रवार को ही ऐलान कर दिया है कि वह राष्ट्रपति चुनाव की वैधता को नहीं मानती हैं। सैलोम जौराबिचविली ने राष्ट्रपति चुनावों को खारिज करते हुए वोट ना मिलने पर पद छोड़ने से इनकार कर दिया है। इससे एक सियासी संकट खड़ा हो गया है, देश में पहले ही लगातार हिंसा और विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। जौराबिचविली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात पर प्रकाश डाला कि जॉर्जियाई इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति का चुनाव संसद में 300 सदस्यीय निर्वाचक मंडल करने जा रहा है। उन्होंने नए संसदीय चुनाव होने तक पद पर बने रहने के अपने इरादे को दोहराते हुए कहा कि मैं कार्यालय नहीं छोड़ रही हूं, मैं यहीं रहूंगी। उन्होंने 26 अक्टूबर के संसदीय चुनावों के नतीजों को भी खारिज करते हुए सरकार से नए चुनाव कराने का आग्रह किया है। **एक्स पर दिया कड़ा संदेश** सैलोम ने एक्स पर लिखा, 'मैं कार्यालय नहीं छोड़ रहू हूं क्योंकि इस महत्वपूर्ण समय में देश को वैध संस्थानों और प्रतिनिधियों की जरूरत है, जो वास्तव में लोगों के चुने गए हैं। जब दमन पर भरोसा करने वालों को एहसास होगा कि चुनाव ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है, तो मैं शांति, न्याय और भविष्य के लिए उन्हें संगठित करने के लिए तैयार हो जाऊंगी। कल संसद में जो योजना बनाई गई है वह एक पैरोडी के अलावा और कुछ नहीं है।' जॉर्जिया में राष्ट्रपति चुनाव 2017 में पारित संवैधानिक संशोधनों के तहत 2024 से शुरू होने वाले निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाएगा। संसदीय अध्यक्ष शाल्वा पापुश्विली ने बताया है कि चुनाव 14 दिसंबर को होंने हैं। इसे पहले जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी ने अक्टूबर चुनाव में 53.93 फीसदी वोट के साथ जीत हासिल की।

# तुर्किये एयरपोर्ट पर 2 दिन से फंसे 400 पैसेंजर्सःइंडिगो पर भड़के, कहा- ठहरने की जगह तक नहीं दी, ऐसे ही एयरलाइन चलाते हो?

**इस्तांबुल** तुर्किये के इस्तांबुल से दिल्ली और मुंबई आने वाले 400 पैसेंजर्स 2 दिन से ठंड में तुर्किये एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। इन लोगों को बुधवार रात इंडिगो की दिल्ली (6E12) और मुंबई (6E18) फ्लाइट से जाना था, लेकिन इन्हें शुक्रवार तक नहीं बताया गया कि ये भारत कब जाएंगे। शुभम बंसल नाम के पैसेंजर ने लिंक्डइन पर लिखा- मैं इस्तांबुल में फंसे 400 पैसेंजर्स में से एक हूं। इंडिगो की ओर अब तक कोई अपडेट नहीं मिला। क्या आप इसी तरह एयरलाइन चलाते हो? सोशल मीडिया पर कई पैसेंजर्स का कहना है कि एयरपोर्ट पर उनके रुकने के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं है। सोशल मीडिया पर कई पैसेंजर्स का कहना है कि एयरपोर्ट पर उनके रुकने के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं है। **फूड वाउजर और ठहरने की जगह भी नहीं दी** एक अन्य पैसेंजर अनुश्री भंसाली ने कहा कि फ्लाइट दो बार एक घंटे की देरी से आई, फिर कैंसिल कर दी गई और आखिर में 12 घंटे बाद फिर से शेड्यूल की गई। कई पैसेंजर्स थकान और बुखार से बुरी तरह जूझ रहे है, लेकिन इन्हें ठहरने की जगह और फूड वाउचर तक नहीं दिए गए हैं। यहां तक की इंडिगो ने अभी तक संपर्क भी नहीं किया। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, शुक्रवार रात को इंडिगो की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि टेक्निकल प्रॉब्लम के चलते मुंबई और दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली और वहां से आने वाली फ्लाइट्स में देरी हुई है। पैसेंजर्स को इन्फॉर्म करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। जहां भी मुमकिन हो पाया है उन्हें फूड और शेल्टर दिया गया। हमें ग्राहकों को हुई



असुविधा के लिए खेद है। अब सभी फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल हो गए हैं। इस्तांबुल में ठंड की वजह से कई फ्लाइट्स को उड़ान में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पार्श्व मेहता नाम के एक पैसेंजर ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमें बुधवार को रात 8.15 बजे मुंबई जाना था। उस उड़ान को पहले रात 11 बजे और फिर गुरुवार को सुबह 10 बजे तक डिले कर दिया गया। इस बात की जानकारी भी इंडिगो की जगह तुर्किस एयरलाइंस के क्रू ने दी। हमसे कहा गया था कि इस्तांबुल एयरपोर्ट पर ही लाउंज की सुविधा मिलेगी लेकिन इतनी बड़ी भीड़ के लिए लाउंज काफी छोटा है। इंडिगो एयरलाइन का कहना है कि टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से फ्लाइट की उड़ान में देरी हुई है। इंडिगो एयरलाइन का कहना है कि टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से फ्लाइट की उड़ान में देरी हुई है।

# बृहस्पति के चंद्रमा पर फटा ज्वालामुखीःनासा ने वीडियो जारी



नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा Io से निकलते ज्वालामुखी का वीडियो जारी किया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के तीसरे सबसे बड़े चंद्रमा IO पर हुए ज्वालामुखी विस्फोट का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो को नासा ने अपने जूनो मिशन के स्पेसक्राफ्ट से रिकॉर्ड किया है। वीडियो को स्पेस एजेंसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

इस वीडियो में चंद्रमा IO की सतह से लावा निकलता दिख रहा है। IO को हमारे सौरमंडल का सबसे ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी वाला चंद्रमा माना जाता है। इसकी सतह पर 400 से ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी हैं, जिनमें लगातार विस्फोट होते रहते हैं और लावा निकलता है। नासा के जूनो मिशन की रिसर्च से IO पर होने वाली ज्वालामुखी गतिविधियों के 44 साल पुराने रहस्य को समझने में मदद मिली है। IO पर ज्वालामुखी विस्फोट की पहली तस्वीर 1979 में ली गई थी। यहां कई तालाब हैं जिनमें पिघला हुआ लावा मौजूद है। वैज्ञानिक गैलीलियो गैलिली ने पहली बार चंद्रमा IO का पता लगाया था। **कितना शक्तिशाली है आईओ** ? बृहस्पति के चंद्रमा IO पर फटने वाला ज्वालामुखियों का लावा, मैग्मा के सागर की जगह मैग्मा चैंबर्स से निकलता है। नेचर डॉट कॉम के मुताबिक इसकी सतह पर फटने वाले ज्वालामुखिओं की वजह से इसका आकार बदलता रहता है। IO की पहली बार खोज सन 1610 में वैज्ञानिक गैलीलियो गैलिली ने की थी। हालांकि इस पर ज्वालामुखी के सक्रिय होने के पता 1979 में वैज्ञानिक लिंडा ए. मोराबितो ने लगाया था। जूनो मिशन के प्रमुख रिसर्चर स्कॉट बोल्टन ने कहा कि लिंडा की खोज के बाद से ही वैज्ञानिकों में इस बात को लेकर जिज्ञासा थी कि IO की सतह से लावा कैसे निकल रहा है। वैज्ञानिक लिंडा ए. मोराबितो ने चंद्रमा Io पर हुई हलचल का पता पहली बार लगाया था। चंद्रमा IO के ज्वालामुखी से निकलते लावा की पहली तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान वॉयजर 1 ने 1979 में ली थी। चंद्रमा IO बृहस्पति की एक अंडाकार कक्षा में परिक्रमा करता है। बृहस्पति के गुरुत्वाकर्षण की वजह से इस पर दबाव पड़ता है, जिससे इसके आकार में संकुचन आता है। सिकुड़ने की वजह से इसके अंदर गर्मी बढ़ती है और आंतरिक परतों पर दबाव बढ़ता है, जिससे अंदर चट्टानों के पिघलने से लावा बनता है। यही लावा ज्वालामुखी के रूप पर सतह पर फूट पड़ता है। 2023-24 में नासा के जूनो मिशन ने डॉपलर विधि से गुरुत्वाकर्षण से जुड़ा सटीक डेटा इकट्ठा किया था। इससे पता चला कि IO पर मैग्मा, सागर की जगह चैंबर्स में मौजूद है।

# स्विट्जरलैंड ने भारत का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा खत्म कियाःवहां भारतीय कंपनियों को 10% ज्यादा टैक्स देना होगा, नेस्ले विवाद के बाद लिया एक्शन




**बर्न** स्विट्जरलैंड सरकार ने भारत से मोस्ट फेवर्ड नेशन (MFN) का दर्जा वापस ले लिया। स्विस सरकार के इस फैसले के बाद अब वहां काम करने वाली भारतीय कंपनियों को 1 जनवरी 2025 से 10% टैक्स ज्यादा टैक्स देना होगा। स्विट्जरलैंड ने डबल टैक्स अवॉइडेंस एग्रीमेंट (DTAA) के तहत भारत को MNF राष्ट्र का दर्जा दिया था। शुक्रवार को स्विट्जरलैंड की तरफ से कहा गया भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की वजह से उसे यह कदम उठना पड़ा है। दरअसल पिछले साल नेस्ले से संबंधित एक मामले में भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि DTAA तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक कि इसे इनकम टैक्स एक्ट के तहत नोटिफाई न किया जाए। इस फैसले का मतलब था कि नेस्ले जैसी कंपनियों को अपने लाभांश पर ज्यादा टैक्स देना होगा। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि विदेशी संस्थाओं में या उनके लिए काम करने वाली कंपनियों और व्यक्तियों को डबल टैक्स न देना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया। बता दें कि नेस्ले स्विट्जरलैंड की कंपनी है। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के वेवे शहर में है। दोहरे टैक्स से बचाने के लिए होता है DTAA क्लियर टैक्स के मुताबिक, दो देश अपने नागरिकों और कंपनियों को डबल टैक्स से बचाने के लिए आपस में डबल टैक्स अवॉइडेंस एग्रीमेंट (DTAA) करते हैं। इसके तहत कंपनियों या व्यक्तियों को उनकी सेवाओं या प्रोडक्ट के लिए दो अलग देशों में टैक्स नहीं देना पड़ता। क्या होता है MFN? UNO (संयुक्त राष्ट्र संघ) की एक संस्था वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (WTO) है। 164 देश इसके सदस्य हैं। इसके तहत आने वाले सभी देश एक दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन (MFN) का दर्जा देते हैं। यह दर्जा दिए जाने के बाद बिना किसी भेदभाव के सभी देश एक दूसरे के साथ आसनी से बिजनेस कर सकते हैं। क्यों और कैसे छीना जाता है MFN का दर्जा? सामान्य तौर पर WTO के आर्टिकल 21बी के तहत कोई भी देश सुरक्षा संबधी विवादों के चलते दूसरे देश से यह दर्जा वापस ले सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसे वापस लेने के लिए कई मुख्य शर्तें पूरी करनी होती हैं। पर असल में इसे हटाने को लेकर कोई औपचारिक प्रक्रिया नहीं है। यह बात भी साफ नहीं है कि अगर कोई देश MFN का दर्जा किसी देश से छीन रहा है, तो वह WTO को सूचित करने के लिए बाध्य है या नहीं।

# रूस ने यूक्रेन पर 93 मिसाइल, 200 ड्रोन दागेः बैलिस्टिक मिसाइल से बिजली संयंत्रों पर हमला

**कीव** अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान ने यूक्रेन में रूस के कई मिसाइलों को किया नष्ट। रूस ने यूक्रेन पर दर्जनों मिसाइल से हमला किया है। शुक्रवार सुबह रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले करते हुए 93 मिसाइल और 200 ड्रोन दागे। इस हमले में रूस के टारगेट पर यूक्रेन का पावर ग्रिड और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर था। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है। न्यूजी एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले को यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने तीन साल में यूक्रेन की ऊर्जा क्षेत्रों पर रूस का सबसे बड़ा हमला बताया है। यूक्रेनी वायुसेना की मुताबिक रूस ने हमले में कई क्रूज मिसाइलें और बैलिस्टिक किंजल मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रूस की ओर से ये हमला यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्र में किया गया है। कीव में यूएस एंबेसी के मुताबिक ताजा हमले में यूक्रेन के कई ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को नुकसान पहुंचा है। इनमें एक निजी ऊर्जा कंपनी का थर्मल पावर प्लांट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले के बाद कीव में जान बचाने के लिए मेट्रो स्टेशन के अंदर छिपे लोग। रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले के बाद कीव में जान बचाने के लिए मेट्रो स्टेशन के अंदर छिपे लोग। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की सेना ने रूस की ओर से दागी गई मिसाइलों में से 81 को हवा में ही नष्ट कर दिया। इनमें 11 क्रूज मिसाइलें शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी मिसाइलों को अमेरिका की F-16 लड़ाकू विमान से इंटरसेप्ट कर नष्ट किया गया। रूस की ओर से यूक्रेन के बिजली संयंत्रों पर हमले के बाद सेना आग बुझा रही है। दुनियाभर के देश मिलकर रूस के आतंक को करें खत्म- जेलेंस्की वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि रूस हथियार का इस्तेमाल कर लाखों लोगों में आतंक पैदा करना चाहता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हुए कहा कि हम चाहते हैं रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अंतराष्ट्रीय समुदाय एकजुट हो।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान







# पूनम पांडे के पब्लिसिटी स्टंट पर फूटा शर्लिन चोपड़ा का गुस्सा

अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे को लेकर शुक्रवार को खबर आई थी कि उनका निधन हो गया, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया था। हालंकि, शनिवार को पूनम खुद सामने आईं और कहा कि वे जिंदा हैं। विवादों में रहने वालीं पूनम पांडे ने कैंसर जागरूकता के नाम पर ये जो कुछ किया, उससे सोशल मीडिया पर एक नई बहस छिड़ गई है। डेथ स्टंट से लोगों में आक्रोश फैल गया है। सेलेब्स से लेकर आम जनता तक हर कोई उनके व्यवहार की आलोचना कर कहा है। अब शर्लिन चोपड़ा ने उनके इस पीआर स्टंट पर प्रतिक्रिया दी है। शर्लिन चोपड़ा ने पूनम पांडे के इस पब्लिसिटी स्टंट को लेकर कहा, क्या कोई भी सामाजिक जागरूकता अभियान धोखाधड़ी और झूठ के आधार पर चलाया जा सकता है। पूनम ने फ्रॉड का इस्तमाल क्यों किया? सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित महिलाएं कह रही हैं, वो पूनम पांडे के इस स्टंट को लेकर शर्मिंदा महसूस कर रही हैं। तो आपने क्या हासिल किया, पूनम? गौरतलब है कि शुक्रवार, 2 फरवरी की सुबह करीब 11-30 बजे पूनम पांडे के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें लिखा गया था कि हमने सर्वाइकल कैंसर की वजह से पूनम को खो दिया है। साथ ही यह भी कहा गया कि परिवार की निजता का सम्मान किया जाए। शुरुआत में किसी को यकीन नहीं हुआ, लेकिन न्यूज एजेंसियों ने भी इस पोस्ट के हवाले से ही खबर की पुष्टि कर दी। यही नहीं, उनके मैनेजर ने भी अलग-अलग मीडिया से बात कर उनके निधन की खबर को सही ठहराया। शनिवार को अभिनेत्री ने खुद का एक वीडियो साझा करते हुए इस खबर को गलत बताया और अपने बयान में जोड़ा, मुझे खेद है कि मैं इस आंसू का कारण बनी और जिन लोगों को मैंने ठेस पहुंचाई है, उनके लिए मैं माफी चाहती हूं। मैं बातचीत में सभी को चौंकाना चाहती हूं। हम इसके बारे में पर्याप्त बात नहीं कर रहे हैं, जो कि सर्वाइकल कैंसर है। शर्लिन ने आगे कहा, हां! मैंने अपने निधन की झूठी कहानी बनाई है... चरम मुझे पता है...लेकिन अचानक हम सभी सर्वाइकल कैंसर के बारे में बात कर रहे हैं, हैं न? यह एक ऐसी बीमारी है जो चुपचाप आपकी जान ले लेती है और इस बीमारी को तुरंत सुर्खियों में आने की जरूरत थी। मुझे इस बात पर गर्व है कि मेरी मौत की खबर से मुझे क्या हासिल हुआ है। इसी बीच शनिवार को पूनम पांडे के खिलाफ वकील अली काशिफ ने एफआईआर दर्ज कराई है। मौत की झूठी खबर फैलाने के आरोप में पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

# यशराज प्रोडक्शन का आलिया भट्ट पर बड़ा दांव

वॉर, पठान और टाइगर जिंदा है, एक था टाइगर और टाइगर 3 के बाद अब यशराज प्रोडक्शन अपने स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की तैयारी में जुट चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल निभाने वाली हैं। आलिया भट्ट इस फैंचाइजी की पहली फीमेल स्पाई होने वाली हैं। हाल ही में पिंकविला ने फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से लिखा है, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली हैं। इस फिल्म को शिव रवैल डायरेक्ट करने वाले हैं, जिन्होंने हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज द रेलवे मैन डायरेक्ट की है। द रेलवे मैन में शिव का काम देखने के बाद आदित्य चोपड़ा ने उन्हें स्पाई यूनिवर्स डायरेक्ट करने की जिम्मेदारी दी है। दोनों के बीच पिछले कई दिनों से प्रोजेक्ट पर चर्चा जारी थी, हालांकि अब शिव रवैल ने ऑन पेपर फिल्म साइन कर ली है। बताते चलें कि शिव रवैल आदित्य चोपड़ा के असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके हैं। बताते चलें कि यशराज प्रोडक्शन ने सलमान खान स्टारर फिल्म एक था टाइगर से स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत की थी, जिसमें टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 भी जुड़ चुकी हैं। अब तक स्पाई यूनिवर्स की कमान सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन ने संभाली थी, लेकिन ये पहली बार होगा, जब फिल्म को फीमेल स्पाई के इर्द गिर्द बनाया जाएगा।

## 2024 के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

दीपिका पादुकोण और कटरीना कैफ भी यशराज प्रोडक्शन की फिल्मों में स्पाई बन चुकी हैं, हालांकि उन्हें फिल्मों में मेल स्पाई के मुकाबले कम तवज्जो दी गई थी। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर में शुरू होगी।

# वंगा ने शाहरुख खान के साथ काम करने की जताई इच्छा



संदीप रेड्डी वांगा फिल्म एनिमल की रिलीज के बाद से ही चर्चा में बने हुए हैं। रणबीर कपूर, बॉबी देओल अभिनीत यह फिल्म वर्ष 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। जहां दर्शकों एक वर्ग ने फिल्म को पसंद किया, वहीं दूसरे वर्ग ने महिला विरोधी फिल्म बताकर आलोचना की। वहीं, अब एक बातचीत के दौरान संदीप रेड्डी वांगा ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने फिल्म का टीजर देखा है और उन्हें यह पसंद आया है। इसके अलावा उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर की। संदीप रेड्डी वांगा ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि हालांकि वे शाहरुख से दो बार मिल चुके हैं, लेकिन साथ में सहयोग करने के बारे में कोई बात नहीं हुई है। एनिमल ने कहा, मैं शाहरुख खान सर के साथ काम करना चाहता हूं। मेरा हर अभिनेता के लिए कुछ ना कुछ आइडिया रहेगा। बॉलीवुड में मैं शाहरुख सर और रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहता हूं। एनिमल की रिलीज के बाद एक इवेंट में शाहरुख खान ने अपनी भूमिकाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वे जिन नायकों की भूमिका निभाते हैं वे अच्छे काम करते हैं और लोगों को आशा और खुशी देते हैं लेकिन अगर वह खलनायक या बुरे आदमी की भूमिका निभाता है, तो वे चाहते है कि इस किरदार को बहुत कष्ट सहना पड़े। हालांकि, शाहरुख ने किसी फिल्म का जिक्र नहीं किया था ।



# अयान मुखर्जी के वॉर 2 निर्देशन पर सिद्धार्थ आनंद ने तोड़ी चुप्पी

सिद्धार्थ आनंद इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, सिद्धार्थ की यह फिल्म अब तक उनकी पिछली ब्लॉकबस्टर पठान और वॉर की तरह झंडे नहीं गाड़ सकी है। इसी बीच यशराज की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 के निर्माण को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, वॉर 2 का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद नहीं बल्कि अयान मुखर्जी करेंगे। अब फाइटर डायरेक्टर ने इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक साक्षात्कार में सिद्धार्थ ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि अयान मुखर्जी उनके निर्देशन में बनी वॉर की अगली कड़ी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि वॉर यशराज स्पाई यूनिवर्स की तीसरी फिल्म थी, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में थे। सिद्धार्थ ने इस दौरान यशराज फिल्मस के प्रमुख आदित्य चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बातचीत की। सिद्धार्थ ने कहा, मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि मेरी बनाई फिल्म किसी और के लिए इतनी महत्वपूर्ण है। यह गर्व सिर्फ मैं महसूस कर सकता हूं। यह एक बच्चे की तरह है कि आपका बेटा किसी और की संगति में आगे बढ़ रहा है। यह ऐसा है जैसे मेरा बेटा मार्फ्लिक्स (सिद्धार्थ आंनद क प्रोड्क्शन हाउस) में काम नहीं कर रहा है, बल्कि किसी अन्य कंपनी को लीड कर रहा है। यह उस तरह का एहसास है कि मैंने कुछ ऐसा बनाया है जो किसी और को संभालने के योग्य है। वहीं, आदित्य चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, आदि और मेरे बीच एक खूबसूरत रिश्ता है। मैं इसे पिता और बेटे के रिश्ते की तरह देखता हूं, हालांकि वे इतना बूढ़े नहीं है, लेकिन मैं उनका सम्मान करता हूं और उन्हें पितातुल्य मानता हूं। सिद्धार्थ ने आगे कहा, हम हमेशा किसी न किसी चीज को लेकर बातचीत करते रहते हैं। अब मैंने पठान भी बना लिया है कल को अगर कोई और पठान 2 बनाता है, तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। ये मेरी रचना हैं, मुझे यह जानकर गर्व होगा कि कोई और इसे आगे ले जा रहा है।



# शाहिद ने दिया फर्जी 2 पर जवाब, बोले- कुछ चीजें मेरे हाथ में..

बॉलीवुड में अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुके शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शाहिद भी अपनी फिल्म को प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दिनों तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के प्रमोशन के दौरान शाहिद अपनी आने वाली वेब सीरीज फर्जी 2 के बारे में भी मीडिया से खुलकर बातें करते दिखाई दिए।

## फर्जी 2 की रिलीज डेट

शाहिद कपूर जो भी काम करते हैं उसमें अपना सौ प्रतिशत देते हैं। पिछले साल शाहिद कपूर एक वेब सीरीज फर्जी में नजर आए थे। दर्शकों को फर्जी की कहानी के साथ साथ शाहिद की भूमिका भी काफी पसंद आई थी। अब दर्शक बेसब्री से फर्जी के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया ने जब शाहिद से फर्जी 2 के बारे में सवाल किया तब शाहिद मुस्कुराते हुए बोले, कुछ चीजें मेरे हाथ में नहीं है। मैं दर्शकों का बेहद शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने फर्जी के पहले सीजन को इतना प्यार दिया, लेकिन फर्जी 2 कब रिलीज होगी इसके बारे में मैं अभी कुछ भी नहीं बोल सकता हूं। हां, इतना जरूर बताना चाहूंगा कि जल्द ही फर्जी 2 आपके सामने होगी।


## फर्जी के डायरेक्टर हैं व्यस्त

शाहिद कपूर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, सब जानना चाहते हैं कि फर्जी 2 कब बनेगी, लेकिन मैं कैसे समझाऊं कि फर्जी के निर्देशक अभी दूसरे प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। एक बार जब वे फ्री हो जाएंगे फिर फर्जी 2 पर काम शुरू करेंगे।

## शाहिद का वर्क फ्रंट

पिछले दिनों शाहिद कपूर वेब सीरीज फर्जी में नजर आए थे। शाहिद कपूर के अलावा फर्जी में विजय सेतुपति और राशी खन्ना भी अहम भूमिका में दिखाई दिए थे। चंद दिनों के बाद अभिनेता की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया रिलीज होने वाली है।

# राजामौली-महेश बाबू की फिल्में हुई नागार्जुन की एंट्री



एसएस राजामौली अपनी शानदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। आरआरआर के बाद उनका अगला प्रोजेक्ट महेश बाबू के साथ है। इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म में नागार्जुन भी नजर आ सकते हैं। महेश बाबू की यह फिल्म अभी प्री प्रोडक्शन स्टेज में है। फिलहाल इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इस खबर ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।



# अपने संघर्ष के दिनों को याद करके बोली रूपाली गांगुली

**अपने समय के बेहतरीन निर्देशकों में शामिल रहे निर्देशक अनिल गांगुली की बेटी रूपाली गांगुली इन दिनों अपने टीवी शो अनुपमा को लेकर बहुत चर्चाओं में हैं। रूपाली के पिता अनिल गांगुली फिल्में बनाते थे और एक समय ऐसा आया जब उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगीं, उस दौर में रूपाली ने घर में मुश्किलें देखीं।**

टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आज जाना-पहचाना नाम हैं। वो टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हैं। रूपाली का शो अनुपमा घर-घर में पसंद किया जाता है। शो टीआरपी रेटिंग्स में भी टॉप रहता है। आज रूपाली सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। हालांकि, एक वक्त ऐसा भी था जब रूपाली को काफी स्ट्रगल करना पड़ा।

## पापा की फिल्में हुई फ्लॉप

बातचीत में रूपाली ने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया- मेरे पापा की फिल्में जब फ्लॉप हुईं तो हमने मुश्किल वक्त देखा और हमारे पास जो भी था वो बिक गया था। घर और जूलरी बिक गई थी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वो वर्ली से पृथ्वी थिएटर (15 किलोमीटर) तक चलकर जाती थी। स्ट्रेस की वजह से उनके पिता की तबियत खराब होने लगी और उन्हें डायबिटीज हो गई थी।

## 50 रुपये थी पहली सैलरी

रूपाली ने अपनी थिएटर में एंट्री को लेकर बताया- मेरा पहला प्ले पृथ्वी थिएटर में था। इसे दिनेश ठाकुर ने प्रोड्यूस किया था। मैंने अपनी थिएटर जर्नी वहां से शुरू की थी। मुझे पहले प्ले के 50 रुपये मिले थे और कभी-कभी समोसा भी मिल जाता था। ये बहुत सारा पैसा था।

## रूपाली गांगुली का करियर

रूपाली के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्मों से शुरुआत की। वो फिल्म साहब, मेरा यार मेरा दुश्मन, बलिदान, दो आंखें 12 हाथ, अंगारा जैसी फिल्मों में दिखीं, लेकिन रूपाली का करियर फिल्मों में चला नहीं। 2000 में एक्ट्रेस ने टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा। वो सुकन्या में नजर आईं। इसके बाद उन्होंने दिल है कि मानता नहीं, जिंदगी...तेरी मेरी कहानी, संजिवनी, भाभी, कहानी घर-घर की जैसे शोज किए. उनके शो साराभाई वर्सेज साराभाई को काफी पसंद किया गया। 2011 में वो शो परवरिश में नजर आईं। इस शो को भी फैंस ने पसंद किया। इसके बाद रूपाली ने 2013 में एक शो होस्ट किया। फिर वो लंबे समय तक टीवी पर नजर नहीं आईं। 2020 में उन्होंने अनुपमा से वापसी की और जबरदस्त हिट हो गईं। इस शो में रूपाली गांगुली लीड रोल अनुपमा का किरदार निभा रही हैं।

